# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 197 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 30 जुलाई 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# बाघ की खाल और पैंगोलिन के शल्क के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

## सूरजपुर वनमंडल में डब्ल्यूसीसीबी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने की बड़ी कार्रवाई





**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** वनमंडल सूरजपुर और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो केंद्रीय क्षेत्र भोपाल की संयुक्त टीम ने वन्यजीव अंगों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ओड़गी भैयाथान मार्ग पर चलाए गए एक सफल संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान बाघ की खाल (मांस) और पैंगोलिन के शल्क (स्केल) के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में टीम को सफलता मिली है। तस्करों के पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

वनमंडल कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जुलाई को सेंट्रल रीजन भोपाल से सूचना मिली थी कि सूरजपुर वनमंडल के अंतर्गत वन्यजीवों की खाल और अन्य अवशेषों की तस्करी होने की संभावना है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के निर्देशानुसार वनकर्मियों और डब्ल्यूसीसीबी भोपाल के सदस्यों की दो संयुक्त टीमों का गठन किया गया। प्राप्त लोकेशन और इनपुट के आधार पर दोनों टीमों को सूरजपुर और कुदरगढ़ वनपरिक्षेत्र की ओर रवाना किया गया। संदिग्धों की गतिविधियों का पता चलने पर ओड़गी-भैयाथान मार्ग पर ग्राम बैजनाथपुर के पास धरसेड़ी रोड पर घेराबंदी करके भैयाथान की ओर आ रहे 3 व्यक्तियों को संदेह के आधार पर रोककर पूछताछ की गई। इनका हावभाव संदेहास्पद पाए जाने पर उनके पास मौजूद सामानों की तलाशी ली गई, इस दौरान इनके कब्जे से अवैध वन्यजीव सामग्री (बाघ की खाल और पैंगोलिन के शल्क) बरामद किया गया।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

मौके पर पूछताछ के बाद तीन आरोपियों टिकेश्वर प्रसाद राजवाड़े 38 वर्ष निवासी ग्राम धरसेड़ी ओड़गी, भुखनलाल 56 वर्ष निवासी भंवरखोह ओड़गी, गरीबलाल 58 वर्ष निवासी भंवरखोह थाना ओड़गी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से बाघ की खाल (मांस), वन्यजीव पैंगोलिन का शल्क (स्केल) तथा तस्करी में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीएन 7494 को जब्त किया गया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के निर्देशानुसार गठित वनकर्मियों और डब्ल्यूसीसीबी भोपाल के सदस्यों की दो संयुक्त टीमों में वनकर्मी रमेश सिंह, मनोज जायसवाल, महेन्द्र प्रसाद, सत्यप्रकाश, राजाराम और अजय राजवाड़े के साथ डब्ल्यूसीसीबी के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। इसके अलावा अंबिकापुर और कुदरगढ़ वनपरिक्षेत्र की टीमें भी इस अभियान में शामिल थीं।

> अवैध तस्करी में अन्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। फिलहाल मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।
>
> **डी.पी. साहू**
> **वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर**

# शिक्षिका ने छात्र से हिंदी-इंग्लिश में '200 बार लिखवाया गाली'

## मामला बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल का, अभिभावक बोले-ये कैसी शिक्षा..?




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** निजी स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई और अनुशासन के नाम पर हो रही ज्यादती का बड़ा मामला सामने आया है। शहर से लगे ग्राम सरगवां स्थित 'बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल' की एक शिक्षिका ने 8वीं कक्षा के छात्र को सजा के तौर पर हिंदी और इंग्लिश में 200 बार मां की गाली लिखवाई। यही नहीं, शिक्षिका ने जिस कॉपी में गाली लिखने कहा था, उसमें छात्र से अपने माता-पिता का हस्ताक्षर कराकर लाने के लिए कहा।

जानकारी के मुताबिक, 28 जुलाई को स्कूल में 8वीं के दो छात्रों के बीच कक्षा में मारपीट और गाली-गलौज जैसी घटना हुई थी। इस पर वहां पदस्थ शिक्षिका प्रेरणा ने एक छात्र को सजा सुनाई। शिक्षिका ने छात्र से कहा कि वह 100 बार हिंदी में और 100 बार अंग्रेजी में मां की गाली लिखे। छात्र ने शिक्षिका के आदेश का पालन करते हुए कॉपी में हिंदी, इंग्लिश में 100-100 बार गाली लिखी। इसके बाद शिक्षिका ने कहा 'यह कॉपी अपने माता-पिता को दिखाना और उनके हस्ताक्षर कराकर लाना। जब छात्र घर में जाकर यह कॉपी अपने माता-पिता को दिखाया तो परिवार के लोग हैरान रह गए।

छात्र के पिता ने इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा से की है। पिता का कहना है कि 'अगर बच्चों ने गलती की थी तो शिक्षक का काम समझाना और सही रास्ता दिखाना होता है, लेकिन शिक्षिका ने बच्चे से 200 बार गाली लिखवाई, जिसे लिखते समय वह 200 बार गाली का उच्चारण भी किया होगा। उन्होंने सवाल उठाया है कि, अभिभावक बच्चों को स्कूल पढ़ने भेजते हैं या गाली सीखने? छात्र के पिता और छात्र संगठनों ने शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सहायक संचालक को जांच का जिम्मा

इस मामले में डीईओ दिनेश झा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने सहायक संचालक को जांच का जिम्मा सौंपा है। उन्होंने कहा है कि, यह काफी गंभीर बात है। बच्चों को इस तरह की सजा देना निहायत ही गलत है। ऐसा नहीं होना चाहिए। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सवाल निजी स्कूलों की जवाबदेही पर

बिरला ओपन माइंड जैसे बड़े निजी स्कूल ब्रांड में इस तरह की घटना से अभिभावकों में नाराजगी है। अभिभावकों का कहना है कि, महंगी फीस लेकर पढ़ाने वाले स्कूल यदि बच्चों को अनुशासन के नाम पर अपशब्द लिखवाएंगे तो बच्चों का मानसिक और नैतिक विकास कैसे होगा? फिलहाल प्रशासन की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल स्कूटी सवार की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अज्ञात वाहन के ठोकर से घायल स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि, सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम उलकिया, ऊपरपारा का संजीव पैकरा पिता फिरन पैकरा 22 वर्ष, मंगलवार की शाम को मोबाइल फोन का कव्हर निकलवाने के लिए स्कूटी वाहन से ग्राम राधापुर गया था। यहां से वापस आते वक्त अज्ञाव वाहन का चालक ठोकर मार दिया, जिसमें उसे गंभीर चोट आई थी। सीतापुर स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक उपचार करने के बाद रेफर करने पर स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां देर रात एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करके मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# कलेक्टर से मिलने पैदल निकली छात्राओं को रास्ते से बस में बैठाकर भेजा

## लंबी दूर तय करने के बाद हरकत में आए अधिकारी, कार्रवाई का भरोसा मिला





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के मिशन स्कूल राई रघुनाथपुर की हाई स्कूली छात्राओं ने बुधवार को हॉस्टल अधीक्षिका पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया। छात्राएं अधीक्षिका को हटाने की मांग को लेकर रघुनाथपुर से अंबिकापुर, कलेक्टर से मिलने 15 किलोमीटर पैदल मार्च करते आ रही थीं। लुचकी घाट में पेट्रोल पम्प के पास कुछ लोगों की इन पर नजर पड़ी और मामला शिक्षा अधिकारियों के संज्ञान में लाया। इधर छात्राओं के एकजुट होकर कलेक्टर से मिलने के लिए निकलने की खबर से हड़कंप की स्थिति बन गई, और भागते अधिकारी छात्राओं के पास पहुंचे। छात्राएं हॉस्टल पहुंचने के बाद अधिकारियों को अपनी व्यथा बताते रो पड़ीं।

छात्राओं ने जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा को बताया कि, हॉस्टल अधीक्षिका उन्हें लगातार प्रताड़ित करती है। छात्रा आंचल बेक, आसीन बखला ने बेबाक कहा, सिस्टर हम लोगों को बहुत टॉर्चर करती है। प्रवेश द्वार में तैनात प्रहरी के द्वारा भी दुर्व्यवहार किया जाता है। अगर उनके माता-पिता मिलने के लिए या किसी काम से आते हैं तो उनके साथ भी रूखा व्यवहार किया जाता है। बीमार रहने की स्थिति में स्वजन से बात करने की सुविधा देने में आनाकानी की जाती है। स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा होने के बाद भी उन्हें दवा उपलब्ध कराने में आनाकानी की जाती है। हर बात में मम्मी-पापा को बुलाएंगे, बताएंगे, कहकर धमकाया जाता है। लड़की जात हो तुम लोग, जैसा संबोधन किया जाता है। इन्होंने सवाल उठाया कि लड़की जात होना गलत है क्या? छात्रा का भी यह भी आरोप था कि बिना किसी गलती के अभिभावकों को बुलाकर हॉस्टल से निकालने की धमकी देती हैं। बेस्वाद खाना और खाने में कीड़ा निकलने का भी आरोप इन्होंने लगाया है।

मिशन स्कूल के हॉस्टल में रहकर अध्ययन करने वाली छात्राओं के पैदल मार्च करते अंबिकापुर रवाना होने की सूचना मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए और विकासखंड शिक्षा अधिकारी लुण्ड्रा को मौके पर भेजा, लेकिन छात्राएं इनसे हुई बात के बाद संतुष्ट नहीं हुईं। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा स्वयं मौके पर पहुंचे। इनकी समझाइश के बाद छात्राओं को वापस बस में बैठाकर स्कूल लाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इनसे बातचीत के बाद हॉस्टल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण भी किया, और इनके द्वारा लाए गए आरोपों के परिप्रेक्ष्य में हॉस्टल प्रबंधन से चर्चा की। छात्राएं हॉस्टल अधीक्षिका और गेट प्रहरी को हटाने की मांग पर अड़ी थीं, जिस पर उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### *शिकायत की करेंगे जांच*

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार झा ने कहा, रघुनाथपुर स्थित निजी स्कूल के छात्रावास में कुछ बच्चियां रहती हैं। इनसे बातचीत के बाद छोटी-मोटी समस्याएं सामने आई हैं। इनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। छात्राओं की मुख्य मांग हॉस्टल वार्डन को बदलने की है, आवश्यकता होगी तो इसकी पहल की जाएगी। बिना वजह टॉर्चर करने, खाना में कीड़ा निकलने, अभिभावकों को सम्मान नहीं देने जैसे मसले की जांच की जाएगी।

# फर्जी दस्तावेज से भूमि अपने नाम दर्ज कराने व ऋण लेने के मामले में केस दर्ज

## एसपी ने आवेदन को संज्ञान में लिया, एसडीओपी रामानुजगंज ने की जांच

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जिले के तहसील रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम रेवतीपुर में 80 वर्षीय बुजुर्ग के भूमि खसरा नंबर 49/2 रकबा 1.48 हे. का फर्जी दस्तावेज बनाकर नाम दर्ज कराने और बैंक से ऋण लेने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जांच के बाद थाना रामचंद्रपुर में आरोपी संत कुमार ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, अलाउदीन अंसारी पिता स्व. अरजली मियां निवासी रेवतीपुर ने वर्ष 2013 में आर्थिक तंगी के कारण अपनी स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 130 रकबा 0.19 हे. को संत कुमार ठाकुर निवासी रेवतीपुर को वैध रूप से रजिस्ट्री के माध्यम से बेच दिया था। रजिस्ट्री 19.02.2013 को उप-पंजीयक कार्यालय रामानुजगंज में दो गवाहों के समक्ष निष्पादित की गई थी और उसी वर्ष क्रेता के नाम नामांतरण भी हो गया था। वृद्ध के पुत्र एवं विधिक वारिस मो. खलील अंसारी ने शिकायत में बताया है कि, वर्ष 2016-17 में शासन स्तर पर राजस्व अभिलेखों को ऑनलाइन करने के दौरान त्रुटिवश खसरा नंबर 130 के साथ खसरा नंबर 49/2 रकबा 1.48 हे. को भी एक ही खाते में वास्तविक भूमि स्वामी और अनावेदक के के नाम दर्ज कर दिया गया। इसके बाद वर्ष 2018-19 में दोनों खसरा को एक ही खाते में रखते हुए सिर्फ संत कुमार ठाकुर का नाम दर्ज कर दिया गया। इस त्रुटि के सुधार के लिए पहले तहसीलदार द्वारा आदेश भी पारित किया गया था, लेकिन भूमि पर ऋण होने के कारण सुधार नहीं हुआ। वृद्ध के द्वारा पुनः आवेदन देने पर अनावेदक संत कुमार से जवाब मांगा गया। इसी दौरान उसने खसरा नंबर 130 की वैध रजिस्ट्री के आधार पर खसरा नंबर 49/2 भूमि का कूटरचित विक्रय, रजिस्ट्री की नकल तैयार कर 24.10.2025 को तहसील कार्यालय रामचंद्रपुर में पेश कर दिया। इस दस्तावेज को वैध मानते हुए वृद्ध के शिकायत पत्र नस्तीबद्ध कर दिया गया। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के आदेश दिनांक 19.12.2025 के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रामानुजगंज को मामले की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। अनुविभागीय अधिकारी की जांच में अभियोजन साक्षियों के कथन व तहसील कार्यालय से प्राप्त दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि उभय पक्ष ने अवैध लाभ लेने के उद्देश्य से कूटरचित दस्तावेज को असली के रूप में उपयोग किया है। बीते 02 जुलाई को मिले जांच प्रतिवेदन के बाद थाना रामचंद्रपुर में 28 जुलाई को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देश पर संत कुमार ठाकुर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2), 61(2) का मामला दर्ज करके अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पटवारी ने बैंक ऋण बताकर नाम नहीं किया विलोपित

तहसीलदार न्यायालय रामचंद्रपुर ने राजस्व प्रकरण 2020-21 में सुनवाई के बाद 21.03.2022 को आदेश पारित कर खसरा 49/2 से अनावेदक संत कुमार ठाकुर का नाम विलोपित करके अलाउदीन अंसारी का नाम दर्ज करने का आदेश दिया था, लेकिन हल्का पटवारी ने यह कहकर नाम दर्ज नहीं किया कि भूमि पर बैंक ऋण है। इधर तहसीलदार द्वारा तीन बार कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद भी अनावेदक संत कुमार की ओर से किसी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया। अनावेदक के नाम को तहसीलदार के आदेश के बाद भी विलोपित नहीं करने से मामला पुलिस तक पहुंचा, और न्याय की उम्मीद बढ़ी है।

# तीन साल में नहीं मिल पाई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस

## सत्ता परिवर्तन के बाद हालिया मंत्री तक पहुंच है गुहार

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की मांग तीन साल बीत जाने के बाद भी अधूरी है। दो बार ज्ञापन सौंपे गए, प्रदेश में सत्ता परिवर्तन भी हुआ, लेकिन विधानसभा मुख्यालय भटगांव के लोगों को अब तक जीवनरक्षक एंबुलेंस की सुविधा नसीब नहीं हो सकी है। बता दें कि, भटगांव क्षेत्र से होकर अंबिकापुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है। एसईसीएल की कोयला खदानों से निकलने वाले भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण जरही, सोनगरा सहित आसपास के क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं। दुर्घटना के अलावा प्रसव, हार्ट अटैक और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों को पहले भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जाता है, लेकिन गंभीर स्थिति होने पर उन्हें अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ता है। ऐसे समय एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने से मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है। इस संबंध में 31 मई 2023 को तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर को और सत्ता परिवर्तन के बाद 23 जुलाई 2024 को मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को भाजयुमो के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।


के आर टेक्निकल कॉलेज
( Regular | Private | Distance )
SINCE 2008
ADMISSION OPEN 2026-27
मान्यताएँ
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से सम्बद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
इग्नू का स्टडी सेंटर
SINCE 2008
COURSES OFFERED
UG COURSES: BCA, BBA, BCOM, BSC BIO, BSC MATHS, BSC CS, BA
PG COURSES: MSC CS, MSC IT, MSC BOTANY, MSC ZOOLOGY, MSC CHEMISTRY, MSC MATHS, MSC PHYSICS, MCOM, MSW, MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA, PGDCA, PGDBM, PGDRD, BLIB
SCHOLARSHIP FACILITIES
विद्यासागर छात्रवृत्ति (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़
9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़
9826183771



(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026
ISO 9001: 2015 CERTIFIED
बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।
डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद
समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा
बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307

# लटोरी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ली संगठनात्मक बैठक





**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने मंगलवार को लटोरी ब्लॉक संगठन की महत्वपूर्ण बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के साथ-साथ पूर्व में कल्याणपुर-दतिमा मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को लेकर हुए चक्काजाम के दौरान एसईसीएल भटगांव प्रबंधन द्वारा दिए गए आश्वासनों के अब तक अधूरे रहने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि आंदोलन के दौरान प्रबंधन ने समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अधिकांश मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाध्यक्ष शशि सिंह बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ एसईसीएल भटगांव महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच गई। वहां उन्होंने महाप्रबंधक एसके तिवारी से मुलाकात कर लंबित मांगों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने लंबे समय से इन समस्याओं का सामना किया है और अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि धरातल पर काम दिखाई देना चाहिए। भटगांव महाप्रबंधक एसके तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए बताया कि कुछ मांगों पर कार्रवाई पूरी कर ली गई है, जबकि शेष कार्य बारिश समाप्त होने के बाद प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर गंभीर है और निर्धारित समय में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सूरजपुर जिला मुख्यालय में तीन दिन पूर्व लटोरी के भंडारपारा निवासी राधिका राजवाड़े की नृशंस हत्या की घटना पर उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध के आरोपी को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी की। इस दौरान कांग्रेस नेता दानिश रफीक, वेद प्रकाश मिश्र, ब्लॉक प्रभारी सुनील कुमार सारथी, ब्लॉक अध्यक्ष कंवल बिहारी सिंह टेकाम, रोहन राजवाड़े, दुष्यंत तिवारी, अरविंद सिंह, विकास जायसवाल, विक्की समद्दार, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, निरुपमा सिंह, सुकुमार मंडल, मनोज राजवाड़े, मिक्का, अभय खराती सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** स्कूली बच्चों को बिना लाइसेंस दोपहिया वाहन देना लगातार सड़क हादसों का कारण बन रहा है। बुधवार को एक सड़क हादसे में आत्मानंद विद्यालय के कक्षा 9 वीं के छात्र हरिकिशन राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरेया निवासी हरिकिशन राजवाड़े पिता बोधन राजवाड़े बुधवार शाम करीब 4.15 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद बाइक से घर लौट रहा था।



तभी ग्राम पंचायत हर्राटिकरा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से छात्र की बाइक का जबरदस्त भिड़ंत हो गया है। दूसरी बाइक में गायत्री खदान से ड्यूटी कर घर लौट रहे कॉलरी कर्मी रामविशाल पिता शर्मा राम निवासी कांसापारा के अलावा छात्र को गंभीर चोट आई है। साथ ही दोनों मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गईं।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर पहुंचाया गया, जहां छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## नाबालिग वाहन चालकों पर विशेष अभियान में 5 किशोरों पर कार्रवाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से लटोरी पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए पांच नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल चालानी कार्रवाई की, बल्कि उनके परिजनों को बुलाकर भविष्य में नाबालिगों को वाहन नहीं देने की सख्त हिदायत भी दी। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के तहत विद्यालयों के सामने तथा बनारस हाइवे मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पांच नाबालिग किशोर दुपहिया वाहन चलाते हुए पाए गए। पुलिस ने उन्हें रोककर वाहन जब्त कर उनके अभिभावकों को मौके पर बुलाया। लटोरी चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि परिजनों को बुलाकर समझाया गया कि नाबालिगों के हाथों में वाहन देना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह उनकी और अन्य लोगों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। यदि भविष्य में दोबारा ऐसा मामला सामने आता है तो और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



इसके बाद सभी मामलों में मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए समन शुल्क जमा कराया गया।

## प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर की छात्राओं को मिला छाता



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सभा विश्रामपुर इकाई द्वारा बुधवार को शासकीय कन्या प्राथमिक शाला शिवनंदनपुर की छात्राओं को बारिश से बचाव हेतु छाता वितरण किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष सतपाल तायल, चैंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल, कांग्रेस नेता रमेश दनोदिया, अधिवक्ता प्रदीप गर्ग, जतिन तायल, विजय गोयल, सुनील जैन, राकेश अग्रवाल, रिंकू गोयल, सनी अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल सहित संकुल समन्वयक गौरीशंकर पाण्डेय, शिक्षिका मनीषा लकड़ा, संजू व अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने सुनील



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सहमति व जिलाध्यक्ष शशि सिंह के अनुशंसा पर कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार अंचल ने ग्राम पंचायत केशवनगर निवासी सुनील कुमार सारथी को प्रकोष्ठ का सुरजपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

## रायपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी, मारपीट और सड़क हादसे के मामले दर्ज

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजधानी के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 23 और 24 जुलाई को चोरी, मारपीट, धमकी और सड़क हादसे से जुड़े कई मामले दर्ज किए गए। मुजगहन थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने की शिकायत सामने आई। वहीं गंज थाना क्षेत्र में बैंक के सामने महिला के हैंडबैग से मोबाइल, दस्तावेज और 56 हजार रुपये नकद चोरी किए जाने का मामला दर्ज किया गया।





मुजगहन थाना: डुण्डा स्थित जीव विहार कॉलोनी में अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और 1.15 लाख रुपये नकद चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 1.73 लाख रुपये बताई गई है।

गंज थाना: एयू बैंक के सामने स्टेशन रोड पर एक महिला ने बैंक जाने के लिए रैपिडो बुक किया था। महिला द्वारा अपना हैंडबैग आरोपी चालक को पकड़ा दिया गया। आरोप है कि इसी दौरान बैग में रखा मोबाइल फोन, दस्तावेज और 56 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। कुल नुकसान करीब 65 हजार रुपये बताया गया है।

गंज थाना: पारस नगर कुआं के पास गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने बिना कारण गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई।

कोतवाली थाना: नेहरू नगर में शराब पीने के लिए पैसे मांगने और पैसे नहीं देने पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया। आरोपियों पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और हाथ-मुक्का व बेल्ट से मारपीट करने का आरोप है।

टिकरापारा थाना: राजा सिटी गोकुल नगर में खड़ी एक्टिवा चोरी हो गई। अज्ञात चोर सीजी 04 डीवाई/8896 नंबर की एक्टिवा, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये है, चोरी कर ले गया।

टिकरापारा थाना: गभरापारा मठपारा में पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज और मारपीट की शिकायत दर्ज की गई। आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाने का आरोप है।

मोवा थाना: अवनी विहार दलदल सिवनी में घरेलू विवाद के दौरान पति पर पत्नी से मारपीट करने का आरोप लगा है। शिकायत के अनुसार आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के और डंडे से मारपीट की।

डीडी नगर थाना: रिंग रोड नंबर-1 स्थित नेक्सा शोरूम के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक संजय यादव (30), निवासी जोरापारा रायपुरा, अपनी मोटरसाइकिल तेज और लापरवाही से चला रहा था। इसी दौरान बाइक सड़क डिवाइडर से टकरा गई, जिससे गंभीर चोट लगने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री ने कोरबा जिले को 73 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

**कोरबा, छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने सुनालिया नहर मार्ग स्थित बहुप्रतीक्षित मल्टीलेवल पार्किंग का लोकार्पण तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिक निगम द्वारा दादरखुर्द में आयोजित लोकार्पण, भूमिपूजन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होकर कोरबा जिले को 73 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने 36 करोड़ 37 लाख 94 हजार रुपये की लागत के 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 37 करोड़ 45 लाख 40 हजार रुपये की लागत के 7 विकास कार्यों का लोकार्पण किया इस अवसर पर उद्योग, वाणिज्य, श्रम एवं आबकारी मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कँवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, नगर निगम सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता साहू सहित अन्य पार्षद, अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दादरखुर्द में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज कोरबा को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है और ऊर्जाधानी कोरबा निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

श्री साव ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है। शासन का प्रत्येक रुपया जनता के हित और विकास के लिए खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) की राशि का भी अब बेहतर एवं जनहितकारी उपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार शासन करने के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए है और जनता की यह सेवा निरंतर जारी रहेगी।

उपमुख्यमंत्री ने मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बीते ढाई वर्षों में जिले में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि आज केवल आवास की चाबी ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में नई खुशियों का भी प्रवेश हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में यहां सड़क, आंगनबाड़ी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के मार्गदर्शन में जिले के विकास के लिए लगातार राशि उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में जिले में लगभग एक हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें से कुछ पूर्ण भी हो गये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की गई हैं। प्रदेश सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए किसानों, गरीबों एवं आम नागरिकों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है।

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने उपमुख्यमंत्री का जिले को विकास कार्यों की सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया। नगर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पांडेय ने नगर निगम की विभिन्न गतिविधियों एवं विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

### हितग्राहियों को सौंपी गई आवास की चाबी

उपमुख्यमंत्री श्री साव एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने दादरखुर्द में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों हिमांशु सोनी, मधुमिता बनर्जी, संतोषी साहू, लक्ष्मी श्रीवास, लक्ष्मी महंत, प्रियंका महंत, उतरा सोनी, दिलबाई, सुदेवबाई सहित अन्य हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपकर गृहप्रवेश कराया।

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं अन्य अतिथियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, दादरखुर्द में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### इन विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें दर्री बराज-कोहड़िया मार्ग स्थित बेलगरी नाला पर 9 करोड़ 11 लाख 68 हजार रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण, कुदमुरा-श्यांग मार्ग के गुरमा नाला पर 5 करोड़ 5 लाख 62 हजार रुपये, लेमरू-श्यांग मार्ग के लमटी नाला पर 3 करोड़ 74 लाख 34 हजार रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण, नगर पालिक निगम क्षेत्र में आजीविका संवर्धन हेतु 90 लाख 96 हजार रुपये की लागत से दुकान निर्माण, बालको मार्ग (ढेंगुरनाला क्रॉसिंग) से दर्री मुख्य मार्ग तक 4 करोड़ 45 लाख 11 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण एवं चैड़ीकरण, वार्ड क्रमांक 31 में विभिन्न नाली एवं कलवर्ट निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 25 शिवाजीनगर, वार्ड क्रमांक 49 प्रगतिनगर तथा वार्ड क्रमांक 52 अयोध्यापुरी में 1500 केएल क्षमता के ओवरहेड टैंक, पाइपलाइन, बाउंड्रीवॉल एवं स्विच रूम निर्माण, आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत कुदमुरा में आदिवासी कन्या आश्रम, कोरबा में प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, कटघोरा में पोस्ट-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन निर्माण तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर में 50 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य शामिल हैं।

### इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पतुरियाडांड अंतर्गत करहिया नाला पर 40 लाख रुपये की लागत से स्लैब कलवर्ट निर्माण, रामपुर एवं पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम योजनाओं, तुमान-पुटूवा मार्ग के अहिरन नदी पर 11 करोड़ 50 लाख 45 हजार रुपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग, सिरली गांड़ा घाट मार्ग एवं झांझ गांड़ा घाट मार्ग पर पितनी नदी में उच्चस्तरीय पुलों, नहर रोड स्थित नवीन पानी टंकी के समीप 17 करोड़ 4 लाख 22 हजार रुपये की लागत से निर्मित मल्टीलेवल पार्किंग तथा घंटाघर चैक में स्थापित राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया।

## एसईसीएल दीपका क्षेत्र में एक दिन में 30 हजार पौधों का वृक्षारोपण, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अभियान में निभाई अहम भूमिका

**कोरबा छ.ग. फ्रंटलाइन।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के दीपका क्षेत्र ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कोल इंडिया लिमिटेड के राष्ट्रव्यापी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अभियान के तहत एसईसीएल दीपका क्षेत्र में एक ही दिन में 30,000 पौधों का विशाल वृक्षारोपण किया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायी पहल 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कोल इंडिया लिमिटेड को इस विशेष अभियान के तहत देशभर में एक ही दिन में 14 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। इसमें एसईसीएल को 3 लाख पौधारोपण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी क्रम में दीपका क्षेत्र को 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला, जिसे 21 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

इस विशाल अभियान का नेतृत्व दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अशोक कुमार ने किया। उनके साथ विभागाध्यक्षों और दीपका ओपन कास्ट परियोजना के अधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। अधिकारियों ने कहा कि पौधारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि लगाया गया प्रत्येक पौधा स्वच्छ वायु, बेहतर पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव बनेगा। साथ ही पौधों के संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी सभी की साझा है।

अभियान में एसईसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने परिवारों के साथ भाग लिया। इसके अलावा केसीसी के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा आसपास के गांवों के 125 पुरुष और 118 महिला श्रमिक भी इस अभियान का हिस्सा बने। पौधारोपण को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड (ब्लटटछ) का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसने पौधों की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। वृक्षारोपण के दौरान क्षेत्र की जलवायु और पारिस्थितिकी के अनुरूप विभिन्न स्थानीय एवं बहुउपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इनमें पीपल, नीम, आम, जामुन, अमरूद, कटहल, गुलमोहर सहित कई छायादार और सजावटी प्रजातियां शामिल हैं। इन पौधों से भविष्य में क्षेत्र का हरित आवरण बढ़ेगा, जैव विविधता को मजबूती मिलेगी और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को दी प्रोत्साहन राशि

**खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ में गंभीरता से हो रहे काम, उत्कृष्ट खेल मिशन के लिए इस साल 100 करोड़ का प्रावधान – मुख्यमंत्री**

**राज्य में खेलों के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव – श्री साय**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर. - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव के समापन सत्र में शामिल हुए। उन्होंने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित कॉन्क्लेव में विगत मार्च-अप्रैल में छत्तीसगढ़ में हुए देश के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में राज्य के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की। छत्तीसगढ़ में पहली बार इस स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न सत्रों में देशभर से आए खेल प्रशासकों, नीति निमार्ताओं, स्पोर्ट्स साइंटिस्ट्स, नामचीन खिलाड़ियों, विशेषज्ञों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाओं, खेल प्रतिभाओं की खोज, प्रशिक्षण और सुदृढ़ खेल अधोसंरचना के रोडमैप पर दिनभर मंथन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि विशेषज्ञों के बीच आज दिनभर हुए गंभीर विचार-विमर्श से राज्य में खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के कार्यों को सार्थक एवं प्रभावी दिशा मिलेगी। राज्य में खेलों के विकास के लिए यह कॉन्क्लेव मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ में गंभीरता से काम हो रहे हैं। उत्कृष्ट खेल मिशन के अंतर्गत खेल अधोसंरचना को मजबूत करने इस साल के बजट में 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। हमने हाल ही में प्रदेशभर के 156 उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी है, जिन्हें आगे जाकर सरकार नौकरी में लाभ देगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खिलाड़ियों को खेलने के लिए अच्छा मंच उपलब्ध कराने बस्तर ओलंपिक, सरगुजा ओलंपिक और खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के आयोजन राज्य में हुए हैं। बस्तर ओलंपिक में करीब चार लाख और सरगुजा ओलंपिक में लगभग साढ़े तीन लाख खिलाड़ियों ने भागीदारी की है। राज्य की खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर और संसाधन देने की आवश्यकता है। इसके लिए हम लोग सक्रियता से काम कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव कहा कि यह कॉन्क्लेव छत्तीसगढ़ को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में बहुत मददगार होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में खेल और खिलाड़ियों की तरक्की और बेहतरी के लिए लगातार काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों में प्राकृतिक, शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत युवा निकलते हैं। प्राथमिक कक्षाओं से ही बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचान कर उन्हें तराशने और संवारने की कार्ययोजना पर हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज विशेषज्ञों के जो अमूल्य सुझाव और मार्गदर्शन प्राप्त हुए हैं, उन पर निश्चित रूप से अमल किया जाएगा। आज के निष्कर्षों को शामिल कर हम विस्तृत कार्ययोजना बनाएंगे और उसे प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करेंगे।

## सह. समिति में उर्वरक कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस हुई आक्रामक



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सूरजपुर। बुधवार को ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर ग्राम पंचायत जयनगर स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में हुए कथित खाद घोटाले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। शशि सिंह ने जयनगर समिति के तत्कालीन अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया और पूर्व प्रबंधक श्यामलाल प्रजापति पर उर्वरक की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सूरजपुर ब्लॉक के जयनगर में संचालित सहकारी समिति में खरीफ सीजन के दौरान किसानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले उर्वरक की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की खबरें समाचार पत्रों के माध्यम से सामने आई थीं इन खबरों के संज्ञान में आने के बाद जब विभागीय स्तर पर जांच कराई गई,

## ढ़ेकी नदी के तेज बहाव में बहा 10 वर्षीय मासूम, दो दिन वाद भी नहीं मिला सुराग

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सूरजपुर। जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से नदी नाले उफान पर है। ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत चपदा में मंगलवार को ढ़ेकी नदी के उफनते तेज बहाव में एक 10 वर्षीय मासूम बह गया। पुलिस, स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण रातभर बालक की तलाश में जुटे रहे। मगर मासूम का कोई पता नहीं चल सका है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि ग्राम चपदा के रामसिंह का 10 वर्षीय पुत्र अपने एक साथी के साथ घर के पास स्थित ढ़ेकी नदी के किनारे खेल रहा था। क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। खेलने के दौरान अचानक बालक का पैर फिसल गया और वह नदी की तेज धारा में समा गया। साथ मौजूद दूसरे बच्चे ने शोर मचाकर ग्रामीणों को सूचना दी। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर पर खोजबीन शुरू की, लेकिन तेज बहाव के कारण बालक का कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना तत्काल कुदरगढ़ पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से सर्च अभियान शुरू किया।

## जश लर्न कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सहायक शिक्षिका अनिता एक्का को मिला गोल्ड कैटेगरी का सम्मान

**कलेक्टर श्री रोहित व्यास सहित विभागीय अधिकारियों ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



जशपुरनगर - कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को गणित की आधारभूत संक्रियाओं में दक्ष बनाने के उद्देश्य से जिले में संचालित जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड कुनकुरी की प्राथमिक शाला गोरिया में पदस्थ सहायक शिक्षिका सुश्री अनिता एक्का ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए गोल्ड कैटेगरी का सम्मान प्राप्त किया है। वे विकासखंड कुनकुरी की ऐसी अग्रणी शिक्षिका हैं, जिन्होंने जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सुश्री अनिता एक्का ने कार्यक्रम के तहत सर्वाधिक ट्यूटरिंग कॉल कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रभावी रूप से जोड़ा। उनकी सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बच्चों के गणितीय कौशल के विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली। उनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास सहित विभागीय अधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि सुश्री अनिता एक्का की उपलब्धि जिले के अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके उत्कृष्ट कार्य से जश लर्न कार्यक्रम के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी गणित की आधारभूत संक्रियाओं में दक्ष बन सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जश लर्न कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय समय के पश्चात शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के अभिभावकों से फोन के माध्यम से संपर्क कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर के अनुरूप जोड़, घटाव, गुणा एवं भाग की आधारभूत संक्रियाओं का उपचारात्मक शिक्षण कराया जाता है। यह नवाचारी पहल वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में केवल जशपुर जिले में संचालित की जा रही है। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों का बेसलाइन आकलन कर उनकी सीखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। इसके पश्चात प्रत्येक सप्ताह विद्यालय से तीन विद्यार्थियों का चयन कर उनके अभिभावकों के माध्यम से नियमित ट्यूटरिंग कॉल आयोजित की जाती है। इस प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों में गणित विषय के प्रति रुचि, आत्मविश्वास तथा आधारभूत गणितीय समझ का निरंतर विकास हो रहा है।

## शिकायत मिलने पर जशपुर खाद्य विभाग की टीम ने लोदाम के बर्तन दुकान में दी दबिश

**मौके पर 13 नग अवैध गैस सिलेंडर के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



जशपुरनगर - जशपुर जिले में सीएम हेल्प लाइन नंबर 1076 में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग को ऑनलाईन माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई की ग्राम लोदाम के मुख्य मार्ग पर स्थित बर्तन की दुकान में बीरू ( मुकेश साहू ) दुकान द्वारा बिना वैध लाइसेंस के घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों की अवैध बिक्री पिछले 1.5 वर्षों से प्रत्येक सप्ताह 4-5 घरेलु एलपीजी सिलेंडर लाकर विक्रय किया जा रहा है। मुख्य सड़क एवं सार्वजनिक स्थान पर अनाधिकृत गैस विक्रय किए जाने से गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है जिससे आम नागरिकों की असुरक्षा होने संबंधित शिकायत के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश है। उक्त शिकायत के संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी जिला जशपुर एवं खाद्य निरीक्षक, जशपुर द्वारा संयुक्त रूप से जांच दिनांक 28.07.2026 को किय गया। जांच के समय श्री मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती रूपा साहू निवासी लोदाम उपस्थित रहे, उनके द्वारा बर्तन दुकान का संचालन किया जाता है , जांच के समय संबंधित द्वारा घर दुकान में घरेलु उपयोग के अतिरिक्त इण्डेन कम्पनी का शीलबंद 9 नग भरा हुआ व 01 नग खाली सिलेण्डर एवं बी.पी.सी.एल कम्पनी 03 नग खाली सिलेंडर कुल 13 नग गैस सिलेंडर अवैध रूप से भण्डारण पाया गया। उनके द्वारा 3 गैस कार्ड दिखाया गया जिसमें उनकी माता के नाम 01 उज्जवला योजना का कनेक्शन, श्री मुकेश कुमार साहू एवं उनकी पत्नी के नाम से सामान्य गैस कार्ड प्रस्तुत किया गया है।

## पूर्व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत जेल भेजे गए:हाई स्कूल में साइकिल वितरण का किया था विरोध

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायगढ़ - लैलूंगा ब्लॉक स्थित शासकीय हाई स्कूल कूपाकानी में मंगलवार को भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने जमकर हंगामा किया था। उन्होंने सरस्वती साइकिल योजना के तहत बांटी जा रही साइकिलों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। इस मामले में उन्हें जेल भेज दिया गया है। लैलूंगा थाना प्रभारी गिरधारी साव ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने रवि भगत के खिलाफ शांति भंग करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में कानूनी कार्रवाई की। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कूपाकानी के शासकीय हाई स्कूल में मंगलवार ( 28 जुलाई ) को 7 छात्राओं को साइकिलें वितरित की जानी थीं। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान रवि भगत वहां पहुंचे और साइकिलों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए हंगामा करने लगे। स्थिति को देखते हुए स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें समझाने की कोशिश की कि शासन की योजना के तहत आई साइकिलों का वितरण किया जा रहा है। इसके बावजूद रवि भगत विरोध करते रहे और स्कूल परिसर में ही धरने पर बैठ गए।

### प्राचार्य ने उच्चाधिकारियों को दी जानकारी

रवि भगत ने उच्चाधिकारियों को बुलाने की बात कहते हुए गुणवत्ता विहीन साइकिल को वितरण नहीं करने देने की बात कही। जिसके बाद प्राचार्य ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को देते हुए थाना में इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और रवि भगत को हिरासत में लेकर थाना ले आए। विधिवत गिरफ्तार करने के बाद रवि भगत कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## 31 जुलाई तक कराएं बागवानी फसलों का बीमा जोखिम से फसलों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर - खरीफ मौसम में उत्पादित होने वाली बागवानी फसलों को बेमौसम मौसम से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। सहायक संचालक उद्यान करण सोनकर ने बताया कि योजना के तहत किसान अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई 2026 तक करा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते बीमा कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद सहित कुल सात अधिसूचित बागवानी फसलों को शामिल किया गया है। बेमौसम वर्षा, कम अथवा अधिक वर्षा, तापमान में असामान्य परिवर्तन, तेज हवा, आदता तथा प्रतिकृत मौसम के कारण होने वाले कीट एवं व्याधि प्रकोप जैसी परिस्थितियों से होने वाले नुकसान की भरपाई योजना के माध्यम से की जाएगी। योजना में मुआवजे का निर्धारण मौसम के वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान ले सकते है। किसानों को बीमा कराने के लिए फसलों के अनुसार निर्धारित ऋण मान का 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक को अंश के रूप में जमा करना होगा। योजना के अंतर्गत टमाटर के लिए बीमित राशि रू 1.20 लाख ( कृषक प्रीमियम रु. 6,000 ), बैंगन बीमित राशि रू 0.77 लाख ( रू. 3,850 ), मिर्च बीमित राशि रू 0.68 लाख ( रु. 3,400 ), अदरक बीमित राशि रु 1.50 लाख ( रू. 7,500 ), केला बीमित राशि रु 0.85 लाख ( रू. 4,250 ), पपीता बीमित राशि रू 0.87 लाख ( रू. 4,350 ) तथा अमरूद बीमित राशि रु 0.45 लाख ( रू. 2,250 ) प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसान निर्धारित प्रीमियम राशि जमा कर अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। किसान ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा लोक ऐसेवा केंद्र तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया द्वारा विकासखंड स्तर पर किसानों की सुविधा के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। जशपुर के लिए सुजीत मोगरे ( मो. 7999784088 ), दुलदुला के लिए तोरेश्वर राम ( मो. 9039441626 ), कुनकुरी के लिए रोमश्वर सिंह ( मो. 6267026795 ), बगीचा के लिए विनय मंडल ( मो. 8959169433 ), मनोरा के लिए आशीष मिंज ( मो. 6267053640 ), पत्थलगांव के लिए ललित खुटिया ( मो. 7489747478 ), तथा फरसाबहार के लिए अंकित कुमार चौहान ( मो. 7869112045 ) से संपर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर बीमा कराया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री अघोर गुरू पीठ बनोरा पहुंचे:गुरू पूर्णिमा पर बाबा प्रियदर्शी राम से लिया आशीर्वाद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायगढ़ - जिला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अघोर गुरु पीठ बनोरा पहुंचे। जहां उन्होंने श्रद्धा और आस्था के साथ अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम के दर्शन किए। वहीं बाबा प्रियदर्शी राम से आशीर्वाद भी लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम की प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम के प्रिय शिष्य पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के भी दर्शन किए और उनका आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी, नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे। वहीं बनोरा स्थित अघोर गुरु आश्रम से लौटते समय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पंडरीपानी स्थित कैलाशपति धाम मनकामेश्वर शिव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना व जलाभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

तीन दशक पहले रखी गई थी बनोरा अघोर गुरु पीठ की नींव

जिले के पूर्वांचल में स्थित ग्राम बनोरा आज आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ मानव सेवा और समाज कल्याण के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। करीब तीन दशक पहले पूज्य अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी के प्रिय शिष्य बाबा प्रियदर्शी राम के कर कमलों से ग्राम बनोरा में अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट की नींव रखी गई थी। अघोरेश्वर महाप्रभु ने समाज के विकास और मानव कल्याण की व्यापक अवधारणाओं को आगे बढ़ाया। उनकी इसी विचारधारा को बाबा प्रियदर्शी राम ने आगे बढ़ाते हुए बनोरा को सेवा, साधना और संस्कारों का केंद्र बनाया।


## खरवाटोली उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की होगी मरम्मत

जशपुरनगर 29 जुलाई 2026/ कुनकुरी विकासखंड अंतर्गत खरवाटोली उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की जर्जर स्थिति को लेकर प्रकाशित समाचार के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। विभाग ने बताया है कि भवन की छत की मरम्मत के लिए तकनीकी निरीक्षण कराया जा चुका है तथा शीघ्र ही मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर अग्रेषित किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की छत की मरम्मत के लिए अभियंता द्वारा स्थल का निरीक्षण कर लिया गया है। निरीक्षण के आधार पर भवन मरम्मत का प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भवन की छत की मरम्मत के लिए प्रस्ताव शीघ्र ही सक्षम प्राधिकारी को भेजा जाएगा, ताकि स्वीकृति प्राप्त होने के बाद आवश्यक मरम्मत कार्य कराया जा सके

सम्पादकीय

# अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा पर चर्चा करे विपक्ष

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श और बेहतर कानून बनाने का सर्वोच्च संस्थान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष का यह कहना कि नीट पेपर लीक प्रकरण में गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें, अपनी जगह एक राजनीतिक मांग हो सकती है, लेकिन करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़े कानून पर बहस को बाधित करना लोकतांत्रिक दायित्वों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। इसलिए विपक्ष अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार वाले इस बिल पर चर्चा करे और इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव दे, ताकि इस कानून को और मजबूत किया जा सके। प्रस्तावित संशोधन में पेपर लीक के आरोपियों के लिए अधिक कठोर सजा, भारी आर्थिक दंड और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे मामलों की रोजाना सुनवाई संभव होगी और दोषियों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का लाभ लेकर बच निकलने का अवसर कम मिलेगा। साथ ही यह कानून यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं पर लागू होगा, जिससे इसकी व्यापकता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। हालांकि केवल कठोर कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष की यह भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि वह विधेयक का सूक्ष्म अध्ययन करे और आवश्यक सुधारों के सुझाव दे। उदाहरण के लिए, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यही रचनात्मक विपक्ष की पहचान होती है। संसद में बहस का उद्देश्य सरकार को घेरना भर नहीं, बल्कि कानून को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना भी होता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि पेपर लीक केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती है। जब तक भ्रष्ट नेटवर्क, तकनीकी कमजोरियां और प्रशासनिक लापरवाही समाप्त नहीं होगी, तब तक केवल दंड के डर से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। इसके लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीक, मजबूत निगरानी और जवाबदेह संस्थागत ढांचे की समानांतर आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, लेकिन उसकी सिफारिशों को भी शीघ्र लागू करना होगा। संसद में टकराव लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर संवाद उससे कहीं अधिक आवश्यक है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की सार्थक बातों को स्वीकार करे और विपक्ष का दायित्व है कि वह हंगामे से आगे बढ़कर ठोस सुझाव दे। कुल मिलाकर शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी दल की राजनीति से बड़ा विषय है। यदि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर सहमति बनाकर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था तैयार कर पाते हैं, तो यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। संसद की गरिमा भी तभी बढ़ेगी, जब बहस का केंद्र राजनीति नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों का भविष्य बने। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।



राजनीति

ओमकार चौधरी

# पंजाब में बड़ी चुनावी चुनौतियां

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा और शासन मॉडल पर जनमत का महत्वपूर्ण फैसला होगा। 2022 में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी पहली बार अपने पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर जनता के बीच जाएगी, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल वापसी और विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में होंगे। नशा, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था, बढ़ता कर्ज, उद्योग, निवेश और युवाओं का पलायन जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में मुकाबला केवल दलों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन, विश्वसनीयता, नेतृत्व और भविष्य के विजन का भी होगा।

पंजाब का अगला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने या बचाने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला चुनाव साबित हो सकता है। 2022 में 117 में से 92 सीटें जीतकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) अब पहली बार अपने शासन के आधार पर जनता के सामने होगी। दूसरी ओर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीनों सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2022 में आप को अभूतपूर्व जनादेश मिला था। अब मतदाता वादों के बजाय प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। जो मुख्य चुनौतियां उसके सामने हैं, उनमें नशे की समस्या पर नियंत्रण कर पाई या नहीं कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष के लगातार हमले जारी हैं। राज्य ऋण बढ़ने और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कृषि संकट का स्थायी समाधान न निकलने पर प्रश्न उठ रहे हैं। उद्योग एवं निवेश आकर्षित करने की चुनौती जस की तस बनी है। युवाओं को रोजगार के सपने दिखाए गए थे। उस दिशा में कोई ठोस स्टेप नहीं लिए गए। आप अपनी उपलब्धियों के रूप में सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार जैसे मुद्दों को सामने रख रही है, जबकि विपक्ष आर्थिक प्रबंधन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रश्न उठा रहा है।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव अलग प्रकृति के होते हैं। उसकी प्रमुख चुनौतियों की बात करें तो मुख्यमंत्री का चेहरा कौन रहे, इसे लेकर आपस में ही लीडरशिप खींचातानी में उलझ गई है। सवाल यह है कि ऐसे में क्या पार्टी एक स्पष्ट नेतृत्व घोषित करेगी या चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी? पंजाब कांग्रेस लंबे समय से विभिन्न नेताओं के बीच शक्ति-संघर्ष से प्रभावित रही है। यदि चुनाव तक संगठन पूरी तरह एकजुट नहीं हुआ तो इसका सीधा लाभ प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है।

क्या भाजपा चौंका सकती है? यही सबसे रोचक प्रश्न है। भाजपा के पक्ष में जो बातें जाती हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता। केंद्र सरकार की योजनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा। सीमा राज्य होने के कारण सुरक्षा विमर्। शहरी हिंदू मतदाता में अपेक्षाकृत मजबूत आधार। हाल के महीनों में भाजपा ने पंजाब में अभियान तेज किया है और स्वयं को आप का प्रमुख विकल्प बताने की कोशिश की है लेकिन उसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। ग्रामीण सिख क्षेत्रों में उसके पास सीमित संगठन है। किसान आंदोलन के बाद जो दूरी बनी थी, उसे पाटने के लिए गंभीर पहल नहीं हो सकी है। स्वतंत्र रूप से 117 सीटों पर मजबूत स्थानीय नेतृत्व विकसित करना बड़ी चुनौती है। अकाली दल से अलग होने के बाद पारंपरिक वोटों का बिखराव भी एक बड़ी चुनौती है परंतु हरियाणा, बंगाल सहित कई जगह उसके अकेले मैदान में उतरने के फैसले काफी सकारात्मक रहे हैं। उसे फायदा भी मिला है।

क्या भाजपा बंगाल जैसा प्रदर्शन कर सकती है? इस प्रश्न का उत्तर सरल हां या नहीं में नहीं है। समानताएं क्या हैं? मजबूत केंद्रीय नेतृत्व। संसाधनों की उपलब्धता। संगठन विस्तार की रणनीति। विपक्ष की कमजोरी का लाभ लेने का प्रयास लेकिन पंजाब बंगाल नहीं है। पंजाब की राजनीति तीन विशिष्ट आधारों पर चलती है।



सिख धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अस्मिता। यहां राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरण अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ सकता है, सीटें भी बढ़ सकती हैं, लेकिन बंगाल जैसी छलांग लगाना अभी भी कठिन चुनौती माना जाएगा। क्या शिरोमणि अकाली दल वापसी कर सकता है? अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव, संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व पर प्रश्नऔर नए पंथिक समूहों को उभार ने उसके सामने कठिन चुनौतियां पेश कर दी हैं। इन सबने उसके आधार को कमजोर किया है। यदि अकाली दल अपनी पारंपरिक ग्रामीण-सिख राजनीति को पुनर्जीवित करता है और संगठनात्मक एकता स्थापित करता है, तो वह किंगमेकर की भूमिका में लौट सकता है। लेकिन पूर्ण बहुमत तक पहुंचना फिलहाल कठिन दिखाई देता है। हाल के समय में पंथिक राजनीति के भीतर नए धड़ों और गठबंधनों की गतिविधियां भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती हैं।

**पंजाब के वास्तविक चुनावी मुद्दे :** इस बार भावनात्मक मुद्दों से अधिक शासन और अर्थव्यवस्था पर ध्यान रहने की संभावना है। प्रमुख मुद्दों में नशा और ड्रग तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, एमएसपी और किसानों की आय, उद्योगों का पलायन, राज्य का बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था, गैंगस्टर नेटवर्क, सीमा सुरक्षा, युवाओं का विदेश पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक पारदर्शिता, पानी और भूजल संकट और नहर एवं सिंचाई व्यवस्था माने जा रहे हैं।

**संभावित चुनावी नैरेटिव :** आम आदमी पार्टी दावा करेगी कि हमने व्यवस्था बदली। भ्रष्टाचार कम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य को सुधारा। पुरानी पार्टियों से बेहतर शासन दिया। कांग्रेस कहेगी कि आप ने उम्मीदों पर खरा उतरने वाले प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब को अनुभवी सरकार चाहिए। भाजपा का कहना होगा कि डबल इंजन से ही विकास संभव है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस सीमाब प्रांत में भी उसकी सरकार जरूरी है। वह निवेश और उद्योग लेकर आएगी। रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी मजबूत प्रशासन देगी। अकाली दल कहेगा कि पंजाब को उसकी पहचान और संघीय अधिकार दिलाएगी। किसानों और सिख हितों की राजनीति करेगी। क्षेत्रीय दल ही पंजाब के हितों की बेहतर रक्षा कर सकता है।

**2027 का चुनाव संभवतः** इन पांच सवालों पर केंद्रित होगा। क्या आप अपना जनादेश बचा पाएगी? क्या कांग्रेस फिर मुख्य विपक्ष से सरकार तक पहुंच पाएगी? क्या भाजपा पहली बार पंजाब में बड़ी शक्ति बन सकेगी? क्या अकाली दल अपनी ऐतिहासिक भूमिका पुनः प्राप्त करेगा? क्या चुनाव त्रिकोणीय रहेगा या चतुष्कोणीय? पंजाब का चुनाव इस बार केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बनाम उम्मीद, स्थानीय नेतृत्व बनाम राष्ट्रीय नेतृत्व, और शासन बनाम पहचान की राजनीति के बीच भी होगा। आप के लिए यह अपने शासन का जनमत-संग्रह होगा। कांग्रेस के लिए संगठन और नेतृत्व की परीक्षा, भाजपा के लिए विस्तार की चुनौती, और शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व एवं पुनरुत्थान का संघर्ष। यदि चुनाव तक किसी दल ने राज्य के वास्तविक आर्थिक, कृषि और युवा-संबंधी मुद्दों पर विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत किया, तो वही निर्णायक बढ़त बना सकता है। अभी के राजनीतिक संकेतों के आधार पर मुकाबला खुला है, और किसी एक दल की स्पष्ट बढ़त मान लेना जल्दबाज़ी होगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

विश्व हेपेटाइटिस दिवस

ऋषभ मिश्रा



# हेपेटाइटिस मुक्त भारत अब बने राष्ट्रीय संकल्प

भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अत्यधिक है। विडंबना यह है कि हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों की रोकथाम और उपचार दोनों संभव हैं, फिर भी लाखों लोग इनके संक्रमण से अनजान हैं। यही कारण है कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-सी से दीर्घकालिक रूप से संक्रमित हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी के लगभग 10 करोड़ और हेपेटाइटिस-सी के 3 करोड़ मरीज हैं। हेपेटाइटिस मूलतः यकृत (लीवर) की सूजन है, जो मुख्यतः वायरस के कारण होती है। हेपेटाइटिस-ए और ई प्रायः दूषित भोजन तथा पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित उपकरणों तथा मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और सी का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके लक्षण कई वर्षों तक दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। 'डब्ल्यूएचओ' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया भर में लगभग 28.7 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी या सी के साथ जीवन जी रहे थे और लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु इनसे संबंधित बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या एचआईवी और मलेरिया जैसी कई अन्य संक्रामक बीमारियों के बराबर या उससे अधिक है। भारत में समस्या केवल संक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान और उपचार की कमी भी बड़ी चुनौती है। अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों को यह पता ही नहीं होता कि वे वायरस के वाहक हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक लीवर को गंभीर क्षति पहुंच चुकी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कभी जांच तक नहीं कराते। भारत की एक अन्य चुनौती स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों में दूषित जल के कारण हेपेटाइटिस-ए और ई के प्रकोप समय-समय पर सामने आते रहते हैं। हाल के वर्षों में जलजनित रोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें हेपेटाइटिस-ए और ई भी शामिल हैं। इसके साथ ही असुरक्षित इंजेक्शन, अनियमित रक्त संक्रमण, टैटू बनवाने में अस्वच्छ उपकरणों का उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी संक्रमण के प्रसार में योगदान देती है। कई बार सामाजिक कलंक और भय के कारण लोग जांच कराने से भी बचते हैं। परिणामस्वरूप संक्रमण अनजाने में परिवार और समाज में फैलता रहता है। वस्तुतः हेपेटाइटिस उन्मूलन केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरी ओर, गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और नवजात शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त रक्त बैंकों और स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा। हेपेटाइटिस-सी के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाओं और हेपेटाइटिस-बी के दीर्घकालिक उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना भी आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि यदि वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का व्यापक उपयोग किया जाए तो वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में समाप्त किया जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह बीमारी केवल चिकित्सकीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। इसलिए हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में सरकार, चिकित्सा समुदाय, नागरिक समाज और आम जनता सभी की समान भागीदारी आवश्यक है। वस्तुतः भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हेपेटाइटिस जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतें किसी भी आधुनिक समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। समय की मांग है कि जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए, जांच को सामान्य स्वास्थ्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए, टीकाकरण को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और हेपेटाइटिस मुक्त भारत को अब राष्ट्रीय संकल्प बनाना होगा। तभी हेपेटाइटिस मुक्त भारत का लक्ष्य वास्तविकता बन सकेगा।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है




संकलित

दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सब की अनुमति दे। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा? व्यक्ति ने कहा- तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते है लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है!

## अंतर्मन




### आज की पाती

**इस्तीफा तो हो गया लेकिन क्या छात्रों को न्याय मिला?**

कई दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पहली नजर में इसे आंदोलन की बड़ी जीत और लोकतंत्र की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न वही है, जो हर छात्र और अभिभावक के मन में है- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो गया? क्या इससे पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी? क्या प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लौट आएगी? क्या लाखों विद्यार्थियों की मेहनत अब बिना किसी भय के रंग लाएगी? इन सभी सवालों का उत्तर फिलहाल नकारात्मक दिखाई देता है। यही कारण है कि आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल एक मंत्री के इस्तीफे से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाले वास्तविक सुधारों से किया जाना चाहिए। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर



अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, अमेरिका में चार करोड़ से अधिक लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की हुई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, 'हीट इंडेक्स' (मानव शरीर को वास्तव में महसूस होने वाला तापमान) 38 डिग्री सेल्सियस से काफी ऊपर दर्ज किया गया। इसका प्रभाव मिनेसोटा से लेकर मिसिसिपी तक और पश्चिम में दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा नेवादा तक रहा। दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि यह भीषण गर्मी 'हीट डोम' के कारण पड़ रही है। इस स्थिति में उच्च वायुदाब किसी बड़े क्षेत्र के ऊपर एक गुंबद की तरह बन जाता है और गर्म हवा को बाहर निकलने नहीं देता। इससे तापमान बढ़ता जाता है और कई दिनों तक भीषण गर्मी बनी रहती है। नेब्रास्का के ओमाहा में बेघर लोगों के लिए काम करने वाले संगठन 'थ्रेशहोल्ड सीओसी' के आउटरीच प्रबंधक पीट मिलर ने रविवार को पानी की बोतलें वितरित करते हुए कहा, ''गर्मी असाधारण रूप से ज्यादा है।

## ऑफ बीट

### क्या बॉस का गाली देना अच्छी 'लीडरशिप' की निशानी है ?



कुछ लोगों की बातचीत में गाली-गलौज आम बात होती है। कार्यस्थल पर भी ऐसे लोग मिल जाते हैं और कई बार वे नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। क्या गाली देने वाला बॉस बेहतर 'टीम लीडर' हो सकता है? सुनने में यह अजीब लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सामने वाला व्यक्ति और उसकी टीम उस भाषा को किस तरह लेती है। शायद आपने भी ऐसे 'टीम लीडर' या 'मैनेजर' के साथ काम किया हो, जो कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते समय बीच-बीच में गाली-गलौज से परहेज नहीं करते हों या अपनी बात को सबसे स्पष्ट तरीके से रखने के लिए अक्सर अपशब्दों का सहारा लेते हैं। हालांकि, ऐसे व्यवहार पर सहकर्मियों की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। कुछ लोगों को यह सहज और मजेदार लग सकता है, कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई लोग इसे खराब नेतृत्व, गैर-पेशेवर रवैया और पूरी तरह अनावश्यक मानते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि गाली देने वाले बॉस के प्रति लोगों की राय केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि इसपर भी निर्भर करती है कि सुनने वाला कौन है और वह किस देश या सामाजिक परिवेश में रहता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि नेतृत्व करने का कोई एक ऐसा तरीका नहीं है, जिसे हर जगह ''सही'' माना जाए।

## ट्रेंड

### मेरा कोई रोल नहीं



पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। वायरल वीडियो में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई-20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। **-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

### क्या संदेश दे रही भाजपा



भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या भाजपा देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### सर्वोच्च बलिदान दिया



कैप्टन सौरभ कालिया, कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडेय जैसे युवा अधिकारियों ने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कई सैनिक ऐसे थे, जिनकी उम्र 25 वर्ष भी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इतिहास उन्हें कभी नहीं भूलेगा। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

### श्रमिकों के परिवारों को मदद



आज हमने सिक्किम हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक मदद दी है। नौ परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इनमें से सात को होम गार्ड के तौर पर और दो को नागरिक स्वयंसेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल



## खबर संक्षेप

### सांप्रदायिक तनाव के बीच नेपाल में कर्फ्यू जारी



**काठमांडू।** भारत सीमा से लगे नेपाल के सुनसरी जिले के कुछ हिस्सों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। जिले में सांप्रदायिक हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे, जिसके बाद से वहां तनाव बरकरार है। जिला प्रशासन कार्यालय सुनसरी ने बताया कि कई इलाकों में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक कर्फ्यू और निषेधाज्ञा लागू रहा। हरिनगर और देवगंज ग्रामीण नगरपालिकाओं के पूरे क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए गए हैं।

### पेरिस में 3 महिलाओं को मारा चाकू, अरेस्ट



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में चाकू से हमले में तीन लोग घायल हो गए और एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को यह कहते हुए सुना गया कि यह अल्लाह है जिसने मुझे हुक्म दिया। हमले में घायल लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। इनमें से दो की हालत गंभीर है। यह हमला सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे उत्तर-पश्चिम पेरिस में हुआ, जहां दो किचन वाले चाकू से सड़क पर लोगों पर हमला किया।

## पीओजेके में कराए जा रहे विधानसभा चुनावों पर भारत की दो टूक

# यह अवैध कब्जे को वैध दिखाने की पाकिस्तान की एक नाकाम कोशिश

*पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले क्षेत्र भारत के अभिन्न अंग हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने इन चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं और यह पूरी कवायद पाकिस्तान के अवैध कब्जे को वैध दिखाने की कोशिश है।

जायसवाल ने कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में कराए जा रहे तथाकथित विधानसभा चुनावों से जुड़ी खबरें देखी हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के पूरे केंद्र शासित प्रदेश, जिनमें वे क्षेत्र भी शामिल हैं जो इस समय पाकिस्तान के अवैध और जबरन कब्जे में हैं, भारत के अभिन्न अंग हैं। यह मौजूदा दिखावटी चुनावी प्रक्रिया पाकिस्तान के अवैध कब्जे पर पर्दा डालने और क्षेत्र में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को छिपाने की एक कोशिश मात्र है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में जारी व्यापक विरोध प्रदर्शन वहां के लोगों के आर्थिक शोषण, उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किए जाने और प्रशासनिक दमन का सीधा परिणाम हैं।

> मानवाधिकारों के उल्लंघन को छिपाने की दिखावटी कोशिश

> पीओजेके में लोगों का आर्थिक शोषण और दमन किया जा रहा

### पाक सीमा पार आतंकवाद प्रायोजित कर रहा



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पाकिस्तान के युवाओं द्वारा भारत में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में आई रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत इस बात से भली-भांति अवगत है कि पाकिस्तान दशकों से भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित कर रहा है। जयसवाल ने जोर देकर कहा कि भारत के लोग, जिनमें जेन जी भी शामिल है, पाकिस्तान से अपने राज्य-प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके समकक्ष इस पर गंभीरता से ध्यान दे रहे हैं।

### चीन के साथ सीमा व्यापार शुरू करने पर बनी सहमति

भारत-चीन सीमा व्यापार पर जायसवाल ने कहा कि अगस्त 2025 में, दोनों पक्षों ने तीन निर्दिष्ट व्यापारिक बिंदुओं, यानी लिपुलेख दर्रा, शिपकी ला दर्रा और नाथू ला दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 27 से 28 जुलाई तक चीन की आधिकारिक यात्रा की। उन्होंने बीजिंग में अपने आधिकारिक कार्यक्रमों की शुरुआत चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सेंट्रल पार्टी स्कूल (नेशनल एकेडमी ऑफ गवर्नेंस) के उपाध्यक्ष ली वेनतांग से मुलाकात की और उन्हें एकेडमिक प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई।



#### चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर चर्चा

जायसवाल ने बताया कि विदेश सचिव ने चीन की विदेश मामलों की उप मंत्री हुआ चुनयिंग से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों पर समग्र रूप से चर्चा की और व्यापार और आर्थिक संबंधों, संस्कृति और जन-जन आदान-प्रदान के माध्यम से पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणामों सहित, भारत और चीन को साझेदार और एक-दूसरे के लिए विकास के अवसर मानने वाले दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के साधनों पर विचार-विमर्श किया। इस वार्ता के दौरान भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को स्वीकार किया गया।

### प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, 19 की मौत

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को हालात और तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि रावलकोट में विरोध प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इन घटनाओं में अब तक कम से कम 19 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी और प्रशासन के बीच बातचीत विफल होने के बाद हजारों लोग मुजफ्फराबाद की ओर मार्च के लिए निकल पड़े। प्रदर्शनकारी पिछले 52 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं और गिरफ्तार लोगों की रिहाई, दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

## भारत-यूएस साझेदारी को मिलेगी मजबूती

# परमाणु ऊर्जा और एआई क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी विदेश विभाग के असिस्टेंट सेक्रेटरी एस. पॉल कपूर ने कहा है कि अमेरिका भारत के साथ मिलकर अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी, एआई और दूसरी उभरती हुई टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गहरा कर रहा है। हूवर इंस्टीट्यूशन में भारत पर आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में चर्चा के दौरान कपूर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन का भारत के साथ जुड़ाव सप्लाई चेन को मजबूत करने के साथ-साथ अमेरिका में नौकरियां भी पैदा कर रहा है। कपूर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप प्रशासन में भारत के साथ अमेरिका का जुड़ाव देश के भीतर नौकरियां पैदा कर रहा है और उन सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है जो अमेरिका और इस क्षेत्र के लिए बहुत अहम हैं। हम रक्षा और सिविल न्यूक्लियर सहयोग का विस्तार कर रहे हैं, जिसमें एआई और अर्थव्यवस्था को गति देने वाली अन्य उभरती हुई टेक्नोलॉजी को अपनाना भी शामिल है।



बैठक में चर्चा करते हुए एस पॉल कपूर

### रक्षा संबंधों को लेकर फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर

भारत और अमेरिका के बीच रक्षा संबंध और मजबूत हो रहे हैं। पिछले साल, दोनों देशों ने जमीन, समुद्र, हवा, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में रक्षा सहयोग और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करने के लिए एक फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले दो दशकों में भारत ने अमेरिका से रक्षा खरीद में काफी बढ़ोतरी की है। अपाचे, चिनूक हेलीकॉप्टर, सी-17, सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, पी-8I मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट और एम777 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर जैसे हथियार और उपकरण हासिल किए हैं।

### » एच-1बी वीजा होल्डर्स वाला बिल पेश

अमेरिका के कैलिफोर्निया की वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सीनेटर ने एलेक्स पडिला ने कहा कि उनका प्रस्ताव एक इमिग्रेशन नियम को मॉडर्नाइज करेगा जिसे 1986 से अपडेट नहीं किया गया है। इससे 80 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हो सकता है। यह प्रस्ताव ड्रीमर्स (बचपन में अमेरिका लाए गए अप्रवासी), अस्थायी प्रोटेक्टेड स्टेटस (टीपीएस) धारकों, आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों और लंबे समय से वीजा पर रह रहे लोगों के बच्चों को कवर करेगा। यह उन उच्च-कुशल पेशेवरों के लिए भी राहत का रास्ता खोल सकता है, जिनमें एच-1बी वीजा धारक शामिल हैं और जो वर्षों से रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड का इंतजार कर रहे हैं।

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रविन्द्र कुमार साहू आ०/पति असरफी साव जाति तेली, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4329/2 रकबा 0.05 1/2 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 07/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। जारी। आज दिनांकः- 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रूपेश कुमार साहू आ०/ पति रविन्द्र कुमार साहू जाति तेली, निवासी भाथूपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-6 (1) नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4237/6 रकबा 0.10 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 07/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)
**रा०प्र०क०-अ-27/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पाखी उर्फ बकुल व्यापारी पत्नि स्व. मनोरंजन व्यापारी, निवासी ग्राम किशुननगर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुज ा छ०ग० द्वारा द्वारा ग्राम किशुननगर स्थित भूमि खसरा न0 480/4 रकबा 0.800 हे० भूमि का अपने जीवन काल में खाता बटवारा कराने बावत आवेदन छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 (क) के तहत प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/08/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

### सूचना / ईश्तेहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा नाम दुर्गी पति स्व. मरवाड़ी राम पता ग्राम बुलगा, थाना व तह. लुण्ड्रा जिला-सरगुजा, (छ.ग.) की स्थायी निवासी हूं मेरे अधार कार्ड संख्या-5386 0163 2836 में मेरा. नाम दुग्गी मानिकपुरी तथा जन्मतिथि-01/01/1972 दर्ज है, जो गलत है मेरा वास्तविक नाम दुर्गी तथा जन्मतिथि-01/07/1964 है जो मेरे पति मारवाडी राम के सेवा पुस्तिका में दज है। मैं यह घोषणा करती हूं कि मेरा गलत नाम दुग्गी मानिकपुरी तथा जन्मतिथि-01/01/1972 के जगह पर वास्तविक नाम दुर्गी तथा जन्मतिथि-01/07/1964 को आधार कार्ड में सुधार कर दर्ज किये जाने बावत सक्षम अधिकारी के समक्ष आवेदित किया गया है, यदि किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर आपत्ति दर्ज करावे।

भवदीय
दुर्गी पति स्व. मारवाड़ी राम
मो.नं.-92023 42796

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम

मो. जुनैद सिद्धीकी पिता/पति मो. इमरान सिद्धीकी अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम जुनैद सिद्धीकी पिता/पति इमरान सिद्धीकी

निवासी/पता हाउस नं. 39/6 फिल्टरपारा गोरखनाथपुर, बिश्रामपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.) 497226 रख लिया हूँ, अतः मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम जुनैद सिद्धीकी पिता/पति इमरान सिद्धीकी से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
नाम - जुनैद सिद्धीकी पता - हाउस नं. 39/6
फिल्टरपारा गोरखनाथपुर, बिश्रामपुर,
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)
497226

## साइबर फर्म 'अलिबी ग्लोबल' का खुलासा, आईबी को दी सूचना

# डार्क वेब पर डीआरडीओ का 31 जीबी डेटा 6.6 लाख रुपए में बेचा जा रहा, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साइबर सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक हैकर ने डार्क वेब पर कथित तौर पर रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और सेना से जुड़े 31 जीबी बेहद संवेदनशील डेटा को करीब 6.6 लाख में बेचने की खौफनाक पेशकश की है। तिरुवनंतपुरम की साइबर सुरक्षा फर्म 'अलिबी ग्लोबल' ने यह खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 31 जीबी डेटा पिछले दो हफ्तों से डार्क वेब पर बिक्री के लिए विज्ञापित किया जा रहा है। इतना ही नहीं सबूत के तौर पर जारी किए गए कुछ सैंपल दस्तावेजों में वरिष्ठ वैज्ञानिकों के हस्ताक्षर और मंजूरी से जुड़ी प्रतिबंधित तकनीकी जानकारी होने का दावा किया गया है।

#### डीआरडीओ रिपोर्ट की प्रामाणिकता जांच रहा

इस दावा के सामने आने के बाद जब इस मामले में डीआरडीओ के सूत्रों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे इस रिपोर्ट की प्रामाणिकता की जांच कर रहे हैं। बता दें, अलिबी ग्लोबल नामक कंपनी सरकारी एजेंसियों और महत्वपूर्ण संस्थानों को डार्क वेब मॉनिटरिंग की सेवाएं देती है। उनकी नियमित निगरानी के दौरान यह संवेदनशील डेटा नजर आया। अलिबी ग्लोबल के तकनीकी निदेशक वी.के. भद्रन ने बताया कि मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्होंने तुरंत इसकी सूचना 'इंटेलिजेंस ब्यूरो' (आईबी) को दे दी है। अब संबंधित सरकारी एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं कि डेटा वास्तव में कितना सही और संवेदनशील है।

## राजू श्रीरामे सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी महाराष्ट्र के अध्यक्ष नियुक्त

मुंबई, सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दशरथ पारिख ने जाने माने समाजसेवक राजू श्रीरामे को सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी महाराष्ट्र का अध्यक्ष नियुक्त किया है, राजू श्रीरामे को अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बधाई दी है और आशा व्यक्त की है कि राजू समाज में व्याप्त कुरीतियों, विसंगतियों को दूर करेंगे तथा क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय योगदान देंगे, नियुक्ति पत्र प्रदान करते वक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कल्पेश पारिख, प्रवक्ता संजय कोली के अलावा अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे,

## ठाणे सामान्य अस्पताल के कार्यों की उपमुख्यमंत्री ने की समीक्षा

मुंबई: ठाणे तथा समीपवर्ती पालघर जिले के आम नागरिकों को विश्वस्तरीय और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ठाणे में निमार्णाधीन 900 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक जिला सामान्य अस्पताल, महिला एवं बाल अस्पताल तथा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल परियोजना का कार्य तेज गति से और 'फास्ट ट्रैक' पद्धति से पूरा किया जाए। यह निर्देश उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। उपमुख्यमंत्री के समिति कक्ष में आयोजित इस बैठक में ठाणे सिविल अस्पताल की वर्तमान स्थिति तथा अब तक हुए कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, मंत्री दादाजी भुसे, गुलाबराव पाटिल, ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी तथा जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
**रा०प्र०क्र०/अ-6/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो० अशफाक इराकी आ० फारूक इराकी, उम्र 44 वर्ष, जाति मुसलमान निवासी प्रतापपुर था०तह० प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक के द्वारा अनावेदक कृष्ण कुमार अग्रवाल आ० चेतराम अग्रवाल, उम्र 53 वर्ष जाति अग्रवाल निवासी कुण्डला सिटी अम्बिकापुर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ०पुर, शीट नं. 08 मोहल्ला सदर रोड़ स्थित नजूल भूमि प्लॉट नंबर 2854/2घ, 2854/2ड. रकबा क्रमशः 154, 154 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 10.07.2026 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा भूमि का नामांतरण स्वयं के नाम से किये जाने हेतु पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो /तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-13/ 08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 27/07/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कौशल सिन्हा, विनय सिन्हा, दीपक सिन्हा, आशा श्रीवास्तव, शोभा वर्मा, शशि श्रीवास्तव आ.स्व. मदन किशोर सिन्हा, सभी जाति कायस्थ निवासी देवीगंज रोड़ अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदकगण एवं अनावेदकगण प्रकाश सिन्हा आ.स्व. मधुसुदन सिन्हा वगैरह के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ०पुर मोहल्ला खुटेनपारा स्थित प्लॉट नंबर 368 रकबा 0.51 एकड़ भूमि है। आवेदकगण एवं अनावेदकगण के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में पंजीबद्ध बंटवारानामा दिनांक 15.12.2025 का निष्पादन किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध बंटवारा के आधार बंटवारा अनुसार आवेदकगण के अंश व हिस्से की भूमि का खाता पृथक कर राजस्व अभिलेख अद्यतन व दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-10/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-24/07/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा छ०ग०
**रा०प्र०क्र०/अ-6/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम जमोनी को सुचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा यादव पत्नि चन्द्र प्रकाश यादव, जाति अहीर, निवासी ग्राम तुरियाबीरा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा, (छ०ग०) द्वारा ग्राम जमोनी स्थित भूमि ख०नं० 235/14, 236/14 रकबा क्रमशः 0.567, 0.397 हे० भूमि को अनावेदक सजिया परवीन पत्नि शाहिद हुसैन, जाति जुलाहा, निवासी ग्राम उदारी, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर), जिला सरगुजा से दिनांक 22/12/2022 को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के द्वारा क्रय किया गया है। आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 11/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

तहसीलदार लुण्ड्रा
(धौरपुर) जिला सरगुजा (छ०ग०)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-2**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका पी०सी० तिग्गा आ०/पति पियुस तिग्गा जाति निवासी जूना गद्दीपारा ब्रम्ह पारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला जूना गद्दीपारा ब्रम्हपारा, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2918/18 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः 23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रविन्द्र कुमार साहू आ०/पति असरफी साव जाति तेली, निवासी मणीपुर, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4210/2 रकबा 0.10 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 07/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। जारी। आज दिनांकः- 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रियंका अग्रवाल आ०/पति अरविन्द अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन चौक अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला बाबूपारा, शीट नम्बर 9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467/4866/96 रकबा 4160 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 22/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कुंजबिहारी गुप्ता आ०/पति दयाकिशुन जाति निवासी ग्राम अमडीहा, तहसील वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला मणीपुर, शीट नम्बर-6 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4329/3 रकबा 0.05 1/2 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 07/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 24/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)
**रा०प्र०क०-/अ-27/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरफराज अहमद सिद्दीकी आ. नेयाज अहमद व अन्य, निवासी मोमिनपुरा, परार्डांड, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदकगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 372, 404 रकबा क्रमशः 0.324, 0.555 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश शासकीय पट्टेदार कृषि अंकित कर दिया गया है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21/08/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन प्रदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# एवरेस्ट विजेता तेनजिंग पर बनेगी फिल्म, टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक निभाएंगे किरदार

टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म एवरेस्ट के दिग्गज तेनजिंग नोर्गे की कहानी को पर्दे पर



लाएगी। माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे।

इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।

तेनजिंग नोर्गे की भूमिका अभिनेता गेंडन फुंट्सोक निभाएंगे, जोकि एक नेपाली-भारतीय शेरपा पर्वतारोही के रूप में नजर आएंगे। एडमंड हिलेरी की भूमिका में हॉलीवुड स्टार टॉम हिडलस्टन नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा फिल्म में विलेम डैफो, कैट्रिओना बाल्फे, तेनजिन डल्हा और थिनले ल्हामो नजर आएंगे।

तेनजिंग नोर्गे की पत्नी और अभियान की सचिव जिल हेंडरसन मिलकर ब्रिटिश क्लाइंबिंग टीम के लीडर कर्नल जॉन हंट को इस बात के लिए मनाती हैं कि तेनजिंग को केवल एक मददगार के रूप में नहीं, बल्कि टीम के एक मुख्य सदस्य के तौर पर शामिल किया जाए।

### टॉलीवुड

# 'करुप्पु' की कामयाबी के बाद सूर्या को मिली नई मूवी, होम्बले फिल्म्स ने किया एलान

साउथ के सुपरस्टार सूर्या अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। वह होम्बले फिल्म्स के साथ काम



करेंगे। इस प्रोडक्शन हाउस ने 'केजीएफ' और 'कांतारा' जैसी फिल्में बनाई हैं। साउथ के बेहतरीन अभिनेता सूर्या अपनी फिल्म 'करुप्पु' की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्हें एक और फिल्म मिली है। होम्बले फिल्म्स ने आधिकारिक तौर पर अपने अगले महत्वाकांक्षी सिनेमाई प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें सूर्या अहम रोल में होंगे। उनके साथ एक्ट्रेस कायाडू लोहार होंगी। होम्बले फिल्म्स ने पहले 'केजीएफ', 'कांतारा' और 'सालार' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुका है। फिल्म में साई अभ्यंकर का म्यूजिक होगा, एस. आर. काथिर सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे, के. काथिर प्रोडक्शन डिजाइन करेंगे और एडिटिंग फिलोमिन राज की होगी। इस नए सफर की ऑफिशियल शुरुआत 29 जून को चेन्नई के पार्क हयात होटल में एक भव्य मुहूर्त पूजा के साथ हुई। इस खास मौके पर फिल्म के एक्टर्स, क्रू मेंबर्स और फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े चेहरे शामिल हुए। इसके साथ ही भारतीय सिनेमा के इस सबसे बड़े और धमाकेदार प्रोजेक्ट का आगाज हो चुका है। एक बेमिसाल एक्टर, एक उभरती हुई एक्ट्रेस, एक विजनरी डायरेक्टर और कमाल की फिल्में बनाने वाला प्रोडक्शन हाउस, ये सब जब एक साथ आए हैं, तो यकीनन कुछ ऐसा बनने जा रहा है जो हर पीढ़ी के दर्शकों को हमेशा याद रहेगा।

भारतीय सिनेमा के सबसे चहेते और बड़े सितारों में से एक, सूर्या ने दो दशकों से भी ज्यादा समय से अपनी दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीता है। दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स और सात फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ अपने नाम कर चुके सूर्या ने हमेशा कमर्शियल सक्सेस और क्रिटिकली अक्लेम्ड फिल्मों के बीच एक बेहतरीन बैलेंस बनाकर रखा है।

### भोजपुरी

# आत्मा बन लिया बदला, खौफनाक हॉरर फिल्म आज भी सुपरहिट

भोजपुरी की ऐसी हॉरर फिल्म बनी जिसने 9 साल पहले रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया था। फिल्म की कहानी से लेकर हॉरर और ट्विस्ट



खूब पसंद किए गए। इसे बंपर ओपनिंग मिली थी। फिल्म में पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में थे।

हॉरर फिल्में हमेशा से दर्शकों की पसंदीदा रही हैं। भले ही इनकी कहानी घिसी-पिटी क्यों न हो, लेकिन अचानक होने वाली घटनाओं और बैकग्राउंड म्यूजिक की वजह से ये फिल्में दर्शकों को बुरी तरह डरा देती हैं। हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक हॉरर फिल्में रही हैं, जिन्हें देख दर्शकों की घिग्घी बंध गई और पसीने छूट गए। हॉलीवुड में तो कुछ ऐसी भी हॉरर फिल्में रहीं, जिन्हें हद से ज्यादा हिंसा, क्रूरता और खौफनाक सीन्स के कारण बैन कर दिया गया था। वैसे भोजपुरी भी हॉरर फिल्मों के चस्के से अछूता नहीं रहा। इस इंडस्ट्री में भी कई दमदार हॉरर फिल्में बनी हैं। यहां आपको भोजपुरी की एक ऐसी ही हॉरर फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसमें पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में थे, और यह भोजपुरी की सुपरहिट हॉरर फिल्म रही। इस फिल्म का नाम है 'बलमा बिहार वाला 2'। पाखी हेगड़े और अरविंद अकेला कल्लू स्टारर यह फिल्म भोजपुरी इंडस्ट्री की हिट हॉरर फिल्मों में से एक है। इसे साल 2016 में बिहार और मुंबई में एक साथ रिलीज किया गया था। इसमें पाखी हेगड़े की एक्टिंग को खूब सराहा गया था।

## लाइफ स्टाइल

### बालों की नुमाइश

लंबे और खुले बालों का फैशन आजकल मिनिमलिस्ट और एफर्टलेस लुक पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैशन डिजाइनर अपने कलेक्शन में तमाम डिजाइनों के बीच खुले और लंबे बालों को तरजीह दे रहे हैं। जिसमें बालों को प्राकृतिक रूप से लहराते हुए या स्लीक सीधा रखकर खुला छोड़ा जाता है। ट्रेंड में सबसे आगे सॉफ्ट कर्ल्स, क्लासिक स्ट्रेट लुक, और हाफ-अप हेयरस्टाइल शामिल हैं।



# बादाम से आप भी चेहरे को बना सकती हैं खूबसूरत

अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो ब्यूटी एक्सपर्ट के बताएं इस खास होममेड बादाम स्क्रब को घर पर बनाकर ट्राई कर सकती हैं। मानसून के सीजन में अगर आप भी अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती है और स्किन प्रॉब्लम से बचना चाहती है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद से होममेड बादाम स्क्रब के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप अपने चेहरे पर जमी गंदगी को कम कर सकती हैं।



### बादाम का इस्तेमाल कर बनाएं स्क्रब

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं चेहरे पर होने वाली टैनिंग और पिंपल्स जैसी परेशानियों का सामना करती है, लेकिन अब आप बादाम का इस्तेमाल कर घर पर स्क्रब तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी। इनमें बादाम ,सफेद तिल ,एसेंस ऑयल और जैस्मीन ऑयल शामिल हैं।

### बादाम से स्क्रब बनाने का तरीका

अगर आप भी घर पर बादाम का इस्तेमाल कर स्क्रब बनाना चाहती हैं, तो सोने से पहले रात में 5 से 6 बादाम और थोड़ी सफेद तिल को एक पानी में भिगोकर रख दें। दूसरे दिन सुबह आप पानी के अलग कर बादाम और तिल को जार में डाल दें। अब आप इसे मिक्सर या ब्लेंडर की मदद से पीसकर पेस्ट बना ले। बादाम से बने इस पेस्ट के अंदर आप एसेंस ऑयल डाल सकती हैं। आप चाहे तो जैस्मीन ऑयल भी इस्तेमाल कर सकती हैं। यह चेहरे के लिए बेस्ट फायदेमंद होता है।

अगर आप बॉडी की टैनिंग हटाना चाहती है, तो इस स्क्रब को बॉडी पर 10 मिनट के लिए लगाकर रखें। अगर आप इसे चेहरे के लिए इस्तेमाल कर रही है, तो 5 मिनट तक इसे लगाकर रखें। उसके बाद हल्के हाथों से चेहरे को रब करें। स्क्रब का आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकती हैं। स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें।अगर आपको किसी तरह की कोई एलर्जी होती है, तो डर्मेटोलॉजिस्ट या एक्सपर्ट की राय जरुर ले।

# कॉलेज जानें वाली लड़कियों के लिए बेस्ट हैं फ्रॉक पैटर्न



अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।

कॉलेज जाने वाली अधिकतर लड़कियों के मन में हमेशा आउटफिट को लेकर कन्फ्यूजन बना रहता है। रोजाना एक जैसे कपड़े पहनकर जाने से कुछ लड़कियों को शर्मिंदगी महसूस हो सकती है। ऐसे में अगर आप सावन के महीने में पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही है, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप कम खर्च में खूबसूरत फ्रॉक पैटर्न कुर्ती ट्राई कर सकती है।



पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती

सावन के महीने में आप अपने कॉलेज में इस खूबसूरत पिंक कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप बाजार से कपड़ा लेकर टेलर की मदद से इसे बनवा भी सकती है। इस कुर्ती के साथ आप वाइट कलर का प्लाजो या पैंट शामिल कर सकती है।



### व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती

यही नहीं अगर आप सावन सोमवार के दिन अपने कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट कर जाना चाहती है, तो पेंट, जींस या प्लाजो के साथ इस खूबसूरत व्हाइट कलर प्रिंटेड फ्रॉक पेटर्न कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। इसके साथ आप मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती

सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से अपने दोस्तों को खुश करना चाहती है या कॉलेज में डिफरेंट लुक क्रिएट करना चाहती है, तो आप इस खूबसूरत रेड कलर फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट कुर्ती को ट्राई कर सकती है। इस तरह की कुर्ती को आप बनवा सकती है ।

# खास बाजूबंद के डिजाइन आपकी खूबसूरती में लगा देंगे चार चांद

अगर आप सावन के महीने में आउटफिट के साथ कैसी एक्सेसरीज पहने इस बात को लेकर परेशान हैं, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट बाजूबंद डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।



### फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन

इस साल सावन के महीने को अगर आप यादगार बनाना चाहती हैं, तो किसी भी सोमवार के दिन पूजन के दौरान आप अपने साड़ी या सूट के साथ इस खूबसूरत फ्लोरल लटकन बाजूबंद डिजाइन को ट्राई कर सकती है। ऐसी आर्टिफिशियल डिजाइन आपको ऑनलाइन मिल जाएगी या आप गोल्ड में इसे बनवा भी सकती हैं।

### फ्लोरल चैन बाजूबंद

यही नहीं अगर आप सावन के महीने में शिव अभिषेक के दौरान राजपूती पोशाक या लहंगा चोली पहन रही है, तो अब आप अपने आउटफिट को एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत फ्लोरल चैन बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का बाजूबंद आपको रॉयल और क्लासी टच देने में मदद करेगा।

### मोर डिजाइन बाजूबंद

यही नहीं इन दोनों मोर डिजाइन वाले बाजूबंद भी बेहद चर्चा में है। अधिकतर महिलाओं को मोर वाली डिजाइन के बाजूबंद खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप इस साल सावन के महीने में पूजन के दौरान अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मोर डिजाइन वाले बाजूबंद को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।

# पसीने की बदबू दूर करने घर पर बनाएं नेचुरल डिओडोरेंट और दिनभर रहें फ्रेश

बारिश का मौसम बहुत अच्छा लगता है, लेकिन इस दौरान नमी और उमस भी बढ़ जाती है। इसी उमस की वजह से हमें बहुत पसीना आता है और फिर पसीने से बदबू आने लगती है। ऐसे में महंगे परफ्यूम और डियोडोरेंट भी ज्यादा काम नहीं करते इसलिए, आज हम आपको घर पर ही नैचुरल डियोडोरेंट बनाने का तरीका बता रहे हैं।



### नैचुरल डियोडोरेंट क्यों बेहतर है?

घर पर बना नैचुरल डियोडोरेंट इस्तेमाल करने से न केवल बदबू से छुटकारा मिलता है, बल्कि यह आपकी स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है। होममेड डियोडोरेंट में कोई केमिकल नहीं होता और यह ज्यादा देर तक असरदार रहता है। आप इसे सेंसिटिव स्किन पर भी लगा सकते हैं, इससे जलन नहीं होती। घर पर बना डियोडोरेंट सस्ता होता है और आप इसे बनाकर लंबे समय तक चला सकते हैं।

### बेकिंग सोडा और नारियल तेल का डियोडोरेंट

पसीने की बदबू दूर करने वाला बेकिंग सोडाः 2 बड़े चम्मच,पसीने को सोखने वाला कॉर्नस्टार्चः 2 बड़े चम्मच स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए नारियल तेलः 3 बड़े चम्मच बैक्टीरिया मारने वाला टी ट्री ऑयलः 4–5 बूँदें हल्की और सुकून देने वाली ख़ुशबू के लिए लैवेंडर ऑयलः 4-5 बूंदें

**कैसे बनाएंः** सबसे पहले एक काँच की कटोरी में बेकिंग सोडा और कॉर्नस्टार्च मिलाएं। फिर, इसमें नारियल तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। तब तक मिलाते रहें जब तक यह क्रीमी न बन जाए। आखिर में टी ट्री ऑयल और लैवेंडर ऑयल मिलाएं। इसके बाद इसे एक छोटे डिब्बे या हवा-बंद जार में भरकर रखें।

## कार्नर न्यूज

### बियर्ड ट्रिम करना हो तो बरतें सावधानी

# घर पर बियर्ड ट्रिम करते हुए जब हो जाए गलती तो इन टिप्स से लें मदद, खिल उठेगा आपका चेहरा


घर पर बियर्ड ट्रिमिंग करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन ऐसा करते हुए इसमें गलतियां कर देना बड़ी बात है। कुछ गलतियां तो इतनी बड़ी होती हैं कि आपका लुक ही बिगाड़ देती हैं। इसलिए जरूरी है कि कुछ आम गलतियों को पहचान लिया जाए। पहचान लिया जाए कि कौन सी गलतियां लोग आमतौर पर करते हैं ताकि आप वो गलती बिल्कुल न करें और आपका बियर्ड लुक न बिगड़ें। कौन-कौन सी हैं बियर्ड ट्रिमिंग से जुड़ी गलतियां जान लेते हैं-

### ट्रिमिंग कब करें

ज्यादातर पुरुष बियर्ड के बहुत बढ़ जाने के बाद ही ट्रिमिंग करते हैं। और फिर इतना ट्रिम कर देते हैं कि लुक खराब लगने लगता है। जबकि बालों को ट्रिम करने के बाद बियर्ड की लंबाई कम से कम 1 सेंटीमीटर तक होनी चाहिए। इससे कम होने पर बियर्ड आपके चेहरे पर खराब दिखती है।

### गर्दन और कलम के बाल

बियर्ड ट्रिम हो जाने के बाद अक्सर पुरुष कलम और गर्दन के बालों को



ट्रिम करते ही नहीं हैं। जबकि ट्रिम बियर्ड तब ही सही लगती है जब कलम और गर्दन के पास भी इन्हें अच्छे से ट्रिम किया जाए। ऐसा करने के लिए ट्रिमर की सेटिंग थोड़ी कम करें। फिर जहां भी बाल ज्यादा हों ट्रिम कर दें।

### बहुत छोटी मूंछ

मूंछों को जरूरत से ज्यादा छोटा कर देना भी चेहरे के लुक को फुल मार्क्स नहीं मिलने देता है। इससे मूंछों का जुड़ाव दाढ़ी से टूट जाता है।इसलिए जरूरी है कि मूंछों को जरूरतभर ही ट्रिम किया जाए। मूंछों को उतना ही छोटा करें कि उसका जुड़ाव दाढ़ी से कम न हो। और दाढ़ी मूंछे आपस में जुड़ी रहें।

### होंठों के किनारे

मूंछें होंठों के किनारों पर अक्सर कम होती हैं। ट्रिम करते हुए इन बालों का ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि अगर पूरी मूंछ एक जैसी ट्रिम करेंगे तो इन किनारों पर और भी छोटी हो जाएगी।इसलिए ट्रिम करते हुए इन बालों को समानुपात में ही काटें। वरना दाढ़ी के साथ इस जगह के बाल बहुत कम होंगे और बुरे भी लगेंगे।

### बियर्ड की सफाई

जिस तरह से सिर के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है, फिर बालों की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है। ठीक वैसे ही दाढ़ी के बालों की सफाई न करने पर इसमें गंदगी जम जाती है और फिर इसका असर भी दिखने लगता है। दाढ़ी पर तो कई बार खाना भी गिर सकता है। इसलिए दाढ़ी के बालों की सेटिंग और स्टाइल पर ध्यान देने के साथ इसकी सफाई पर भी ध्यान दें। इससे दाढ़ी नेचुरल तरह से बढ़ेगी और इसके बाल फ्रीजी भी नहीं होंगे।



## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में चला जागरूकता अभियान



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.डी. पैकरा के मार्गदर्शन में विश्व वायरल हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर वीएम नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने आगे बढ़कर आमजन को हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया। छात्राओं द्वारा हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच व टीकाकरण के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी क्रम में छात्राओं को हेपेटाइटिस से सुरक्षा हेतु वैक्सीन भी लगाई गई, जिससे उन्हें भविष्य में इस बीमारी से बचाव में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि जिला के समस्त विकासखंडों तथा सभी स्वास्थ्य संस्थाओं ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई, जिससे वायरल हेपेटाइटिस से निपटने के लिए जन-जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा मिला। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से विशेष अपील की गई कि वे हेपेटाइटिस के लक्षणों के प्रति सजग रहें, लापरवाही न बरतें तथा समय रहते जांच व टीकाकरण अवश्य कराएं ताकि इस गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# सेजस के 30 बच्चों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में मनवाया लोहा

## राष्ट्रीय स्तर पर 3 खिलाड़ी हुए चयनित, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय स्थित पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवापारा ने खेल के क्षेत्र में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है। स्कूल गेम फेडरेशन इंडिया द्वारा संचालित खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, ताइक्वांडो, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग एवं बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इन उपलब्धियों के माध्यम से विद्यालय ने यह सिद्ध कर दिया है कि यहाँ शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है।



### एथलेटिक्स में शुभम ने जीता स्वर्ण पदक

विद्यालय से शुभम शांडिल्य सहित अन्य खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए छात्र शुभम शांडिल्य ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। शुभम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किये है। तीरंदाजी खेल में छात्र अभिज्ञान यादव ने सटीक निशानेबाजी और धैर्य का परिचय देते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनके इस शानदार प्रदर्शन के फलस्वरूप उनका राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। वहीं स्केटिंग प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएँ श्रेया शर्मा एवं नंदिनी गुप्ता व रितेश ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्रेया शर्मा ने स्वर्ण पदक, जबकि नंदिनी गुप्ता एवं रितेश रजत पदक हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण दो विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, साइकिलिंग एवं बैडमिंटन जैसे खेलों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। निरंतर अभ्यास, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से खिलाड़ियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ विद्यालय के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में 50, संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में 44, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में 30 ने उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 3 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने विशेष योगदान दिया है। इनमें सरगुजा ओलंपिक, महिला खेल प्रतियोगिताएँ, माय भारत, युवा उत्सव सहित ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताएँ शामिल हैं, जिनमें विद्यालय के बच्चों ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

### विद्यालय प्रबंधन ने दी बधाई

बच्चो की इस शानदार उपलब्धियों पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षक ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय, जिला एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास भी है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन उपलब्धियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन, संसाधन और निरंतर मेहनत हो, तो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर तक अपनी सशक्त पहचान बना सकते हैं।

### खेल शिक्षक की मेहनत और महत्वपूर्ण योगदान

विद्यालय के खेल शिक्षक बालेंद्र साहू ने अपनी लगन, मेहनत और समर्पण से खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सही दिशा, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण प्रदान किया। खेल शिक्षक ने निस्वार्थ भाव से कई अवसरों पर स्वयं के व्यय पर खिलाड़ियों की सेवा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सीमित संसाधनों में कार्य करते हुए भी उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम आज विद्यालय की ऐतिहासिक खेल उपलब्धियों के रूप में सामने आया है।

विद्यालय परिवार इन उपलब्धियों पर गदगद है। अधिकारियों द्वारा सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लता बेक, जिला मिशन समन्वयक मनोज साहू, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक आलोक भवाल , उप संचालक अजय सिंह, विद्यालय के शिक्षकगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुरु व्यक्तित्व निर्माण के साथ समाज के उत्थान में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका : लक्ष्मी

## खैरा में हुआ गुरु सम्मान समारोह एवं महिला जागृति शिविर



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि गुरु केवल विषयों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार और जीवन मूल्यों का विकास भी करते हैं। गुरु व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज के उत्थान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह बात जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरा में आयोजित गुरु सम्मान समारोह एवं महिला जागृति शिविर को संबोधित करते हुए कही। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती राजवाड़े ने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का योगदान राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है।

उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि अनेक माताएं योजना से प्राप्त राशि का उपयोग अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा और भविष्य निर्माण में कर रही हैं। उन्होंने इसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत बताया।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पित प्रयासों से ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंच रहा है। कुपोषण नियंत्रण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा बाल विकास से जुड़े कार्यों में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में ओड़गी क्षेत्र के 10 उत्कृष्ट शिक्षकों को विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देने और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा महतारी वंदन योजना की राशि का सदुपयोग अपने बच्चों की शिक्षा में करने वाली 10 माताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कुपोषित बच्चों को बाल संदर्भ सेवाओं से लाभान्वित कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# मंत्री ने क्षेत्र के लिए नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झण्डी

## 28 गांव के 39 हजार आबादी को मिलेगा सीधा लाभ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने यहां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से नई एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। लगभग 18 लाख रुपये की लागत से उपलब्ध कराई गई यह एम्बुलेंस अब क्षेत्र में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएगी। इस पहल से 28 ग्राम पंचायतों में निवासरत 39 हजार 325 से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को गंभीर बीमारी, दुर्घटना या प्रसव जैसी आपात परिस्थितियों में इलाज के लिए दूरस्थ शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार समय पर वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से अब मरीजों को त्वरित रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचाना संभव हो सकेगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन महिलाओं, बच्चों और आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एम्बुलेंस ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने के साथ-साथ लोगों में स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ करेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस सुविधा के लिए राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई एम्बुलेंस से क्षेत्र के लोगों को समय पर उपचार मिलने में बड़ी सहायता मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति भरोसा और मजबूत होगा।



# जनभागीदारी से सशक्त होंगे अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाएं : श्रीमती राजवाड़े

## चाँदनी बिहारपुर में हुई जीवन दीप समिति की बैठक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अस्पतालों को केवल उपचार केंद्र नहीं, बल्कि जनविश्वास का मजबूत आधार बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उक्त बातें जिले के चाँदनी बिहारपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े कही । उन्होंने समिति के एजेंडानुसार विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान समिति के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में चिरायु कार्यक्रम की समन्वय समिति के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को प्रदान की गई स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कैटेगरीवार बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, फॉलोअप तथा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए।



मंत्री ने कहा कि जीवन दीप समिति का गठन अस्पताल प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि समिति नियमानुसार वार्षिक बजट एवं आय-व्यय पत्रक तैयार कर सामान्य सभा से अनुमोदन प्राप्त करे, ताकि वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बीमा क्लेम की शत-प्रतिशत वसूली, अस्पताल भूमि के समुचित प्रबंधन, मेडिकल अपशिष्ट के सुरक्षित निष्पादन तथा एम्बुलेंस एवं अन्य वाहनों के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं, नियमित उपचार तथा ब्लड बैंक जैसी आवश्यक सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने समिति के सदस्यों से अस्पताल की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा अस्पताल प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने संबंधी विभिन्न सुझावों पर भी चर्चा की गई।

अंत में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही जीवन दीप समिति अपने उद्देश्यों में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकेगी और प्रदेश में बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, ( भवन/सड़क ) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर ( छ.ग. )**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा एन.आई.टी. नंबर 132 से 134 दिनांक 16.07.2026 (जी नंबर 262702200) को लोक निर्माण विभाग की वेबसाईट दिनांक 16.07.2026 से 21.07.2026 तक निर्धारित रखरखाव एवं तकनीकी अपडेट होने के कारण निविदा आनलाईन नहीं की जा सकी इसलिए निरस्त किया जाता है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
**अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

**जी-262702403/1**


# मिट्टी बांध व तालाब का गहरीकरण किसानों के लिए बना वरदान, गांव में आई हरियाली

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**दतिमा मोड।** सूरजपुर जिले के भैयाथान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरपारा में खरखोरी नाला में ग्राम वासियों ने लगन और मेहनत से मिट्टी बांध का निर्माण सही समय पर पूर्ण किया मिट्टी बांध निर्माण से लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ एवं मिट्टी बांध के बन जाने से आसपास के किसानों के लिए अधिक क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ा है। मिट्टी बांध निर्माण किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहा है बारिश के बाद बांध में करीब आधा किलोमीटर तक पानी भर गया है जिससे आसपास के खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो गई है बांध में पर्याप्त पानी होने के कारण ग्रामीण और किसान इस पानी का उपयोग कर धान की रोपाई कर रहे हैं। इससे किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है और खेती का कार्य भी समय पर शुरू हो गया है ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार बांध का नियमित रखरखाव और संरक्षण किया जाए तो आने वाले वर्षों में भी इसका लाभ किसानों को मिलता रहेगा। जल संरक्षण की दृष्टि से यह भी मिट्टी बंद महत्वपूर्ण साबित हो रहा है क्योंकि इससे वर्षा जल का संग्रहण हो रहा है और भूजल स्तर को भी फायदा मिलने की उम्मीद है स्थानीय किसानों ने बताया कि समय पर पानी उपलब्ध होने से धान की खेती सुविधा हुई है और अच्छी पैदावार होने की संभावना है। साथ ही रवि सीजन में गेहूं एवं सरसों की फसल मिट्टी बांध बन जाने से किसने की फसल की गारंटी मिल गई है। किसानों ने बताया कि फसल करने के लिए पानी की अधिक आवश्यकता होती है और वर्षा की भी अनिश्चितता बनी रहती थी। लेकिन अब मिट्टी बांध बन जाने से किसान धान की खेती के साथ-साथ अब साल भर साथ सब्जियों की भी खेती कर सकते हैं जिससे उन्हें साग सब्जी खरीदना नहीं पड़ेगा और पैसे की भी बचत होगी तथा साग सब्जी बेचकर उनके अतिरिक्त आमदनी भी होगी। मिट्टी बांध उनके जीवन स्तर को आगे बढ़ाने में उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं दूसरी ओर राजकिशोर नगर में तालाब गहरीकरण कार्य ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। ग्राम पंचायत स्थित गौठान के समीप तालाब के गहरीकरण से अब गांव में वर्षभर जल उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, जिससे किसानों को सिंचाई, पशुपालन और रोजगार के क्षेत्र में सीधा लाभ मिल रहा है। ग्रामीण किसानों के अनुसार, पहले खेती पूरी तरह वर्षा पर निर्भर थी।



गर्मियों में तालाब सूख जाने से रबी फसल लेना मुश्किल हो जाता था और पशुओं के लिए पानी की भी गंभीर समस्या रहती थी। तालाब गहरीकरण के बाद अब वर्षा जल का बेहतर संचयन हो रहा है और लंबे समय तक पानी उपलब्ध रहने से किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा मिलेगी।

# दुष्कर्मियों का स्वागत करने वाले को शिक्षा मंत्री का दायित्व, भाजपा सांसद द्वारा युवतियों पर अभद्र टिप्पणी

## महिला कांग्रेस ने घड़ी चौक में जमकर विरोध प्रदर्शन करने के बाद पुतला दहन किया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने महिला कांग्रेस के नेतृत्व में घड़ी चौक पर बलात्कारियों का स्वागत करने वाले व्यक्ति को देश का शिक्षा मंत्री बनाने और भाजपा सांसद कंगना राणावत द्वारा जेन-जेड युवतियों पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन करके पुतला दहन किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि, गुजरात दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उनके स्वजन की हत्या करने वाले अपराधियों की 2022 में रिहाई हुई थी। उस समय नए-नए केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने फूल-मालाओं से इन अपराधियों का स्वागत किया था। ऐसे स्याह अतीत वाले व्यक्ति को शिक्षा मंत्रालय जैसा संवेदनशील विभाग सौंपना देश की बेटियों और शिक्षा व्यवस्था का अपमान है। वहीं भाजपा सांसद कंगना राणावत ने छात्र आंदोलन से जुड़ी जेन-जेड युवतियों को 'गटर' कहकर संबोधित किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि जेन-जेड की भाषा पर सवाल उठाने वाले भाजपा वही काट रहे हैं, जो उन्होंने पिछले 12 साल में बोया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सत्ता में आने के बाद स्वयं मोदी सहित भाजपा के छोटे-बड़े नेता और सोशल मीडिया पर मौजूद समर्थकों ने विरोधियों के लिए जिस भाषा शैली का इस्तेमाल किया, आज उसी में पलटवार हो रहा है। हालांकि, सार्वजनिक जीवन में ऐसे संवाद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। प्रदर्शन में मधु दीक्षित, संध्या रवानी, गीता प्रजापति, मालती सिंह, जेनेबिब कुजूर, मेघा खांडेकर, रूही गजाला, गीता रजक, नुजहत फातिमा, चंचला, उर्मिला कुशवाहा, सरला राय, उर्मिला विश्वास, शालिनी नंदा, ममता सिंह, साधना कश्यप सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन के प्रमुख और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगें

सरगुजा जिला महिला कांग्रेस शहर की जिलाध्यक्ष सीमा सोनी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मांग की, उन्हें अपने अतीत के उस काले कारनामे के लिए देश की महिलाओं से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने भाजपा सांसद कंगना राणावत को 'मानसिक दरिद्र' बताते हुए कहा कि कंगना या तो स्वयं इस्तीफा दें, या भाजपा ऐसे मानसिक रूप से बीमार सांसद से इस्तीफा ले। महिला कांग्रेस नेत्री ने कहा कि, जब तक शिक्षा मंत्री माफी नहीं मांगते और भाजपा सांसद पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक विरोध जारी रहेगा।

# एक करोड़ के गहनों की उठाईगिरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसएसपी को लिखा पत्र

## आरोपी को गिरफ्तार करके सीतापुर के व्यवसायी को राहत देने का किया आग्रह



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सीतापुर स्थित काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स में 26 जुलाई की सुबह करीब 1 करोड़ रुपये के गहनों की उठाईगिरी की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने पुलिस अधीक्षक सरगुजा को पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई और पीड़ित व्यवसायी को राहत दिलाने की मांग की है।

बता दें कि, घटना 26 जुलाई को सुबह 11 बजे की है। दुकान संचालक अरुण देव सोनी रोज की तरह अपनी दुकान का शटर खोल रहे थे। इसी दौरान 4 अज्ञात चोरों ने सफाई से ज्वेलरी से भरा थैला पार कर दिया। थैले में लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण रखे हुए थे। घटना की जानकारी सरगुजा जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ईश्वर सोनी ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक को दी और मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। इसके बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने एसएसपी सरगुजा को पत्र प्रेषित किया।

बालकृष्ण पाठक ने पत्र में उल्लेख किया है कि, गहनों का व्यवसाय करने वाले व्यापारी पहले से ही खराब पुलिसिंग और चोरी की आशंका के चलते हर दिन दुकान से मूल्यवान आभूषण घर ले जाते हैं और फिर दुकान पर लाते हैं। ऐसे में बीच रास्ते में ही गहनों की उठाईगिरी और लूट की आशंका और बढ़ गई है। यह घटना व्यापारियों के मन में असुरक्षा का भाव पैदा करती है। उन्होंने एसएसपी से मांग की है कि, आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके पीड़ित व्यवसायी को राहत दी जाए। साथ ही सरकार और पुलिस विभाग को ठोस कार्रवाई कर व्यापारियों के बीच विश्वास बहाल करने के प्रयास करने चाहिए। फिलहाल पुलिस आरोपियों के तलाश में लगी है।

## जगन्नाथपुर-खड़गवां मार्ग में सुखाड़ रपटा से आवागमन शुरू, मिली राहत



### भारी वाहनों की आवाजाही अब भी नहीं हो सकी बहाल

**छ.ग.फ्रंटलाइन भटगांव।** जगन्नाथपुर-खड़गवां मार्ग पर स्थित सुखाड़ पुल के ध्वस्त होने के बाद कई दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद रहा। पुल टूटने से आसपास के कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ और एसईसीएल भटगांव क्षेत्र का कोयला परिवहन भी ठप हो गया। लोगों की परेशानी को देखते हुए पुल के समीप एक अस्थायी रपटा बनाया गया, जिससे करीब एक सप्ताह पहले ग्रामीणों ने दोपहिया वाहनों से आवागमन शुरू कर दिया।

रपटा बनने के बाद जगन्नाथपुर, सुखदेवपुर, सोनगरा, खड़गवां सहित आसपास के गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। छात्र, कर्मचारी, व्यापारी और आम ग्रामीण अब बाइक के माध्यम से इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। पहले उन्हें कई किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा था। हालांकि, भारी वाहनों ट्रक, हाइवा का आवागमन शुरू नहीं हो सका है, जिस कारण एसईसीएल भटगांव क्षेत्र का कोयला परिवहन और माल ढुलाई प्रभावित है।

गौरतलब है कि, वर्ष 2015 में लगभग 2.07 करोड़ रुपये की लागत से बने सुखाड़ पुल का एक हिस्सा हाल ही में ध्वस्त हो गया था। घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन बंद करा दिया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि रपटा बनने से दैनिक आवागमन में राहत जरूर मिली है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। ग्रामीणों ने जल्द नए पुल के निर्माण और सभी प्रकार के वाहनों के लिए सुरक्षित आवागमन बहाल करने की मांग की है।

# पुलिस ने स्कूलों में यातायात, नवीन कानून और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नाबालिगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने और विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में सरगुजा पुलिस द्वारा जिले भर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय समेत समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियम, नवीन कानून और साइबर सुरक्षा की जानकारी देने के निर्देश दिए गए थे। जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस टीम द्वारा हाई स्कूल दरिमा, हायर सेकेंडरी स्कूल रघुनाथपुर, हायर सेकेंडरी स्कूल सलका और हाईस्कूल सुन्दरपुर मणीपुर में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। समझाइश के बावजूद वाहन लेकर स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं के स्वजनों को बुलाकर काउंसलिंग की भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही पुलिस ने नवीन कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताया। महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े पोक्सो एक्ट, टोनही प्रताड़ना, नशे के दुष्परिणाम, साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बाहरी अनजान लोगों से वित्तीय लेन-देन में सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस का उद्देश्य नाबालिगों की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना और उन्हें दुर्घटनाओं से बचाना है।

### ओटीपी से डिजिटल अरेस्ट तक की दी जानकारी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाइन अंबिकापुर में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में साइबर वॉलंटियर्स और पुलिस मितान टीम ने विद्यार्थियों को तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनसे बचाव के उपाय बताए। छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड, ओटीपी साझा न करने, हनी ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाएं, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग लिंक, फर्जी कॉल-मैसेज और बैंकिंग फ्रॉड के बारे में विस्तार से बताया गया। साइबर अपराध होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए पेपर स्प्रे के सुरक्षित उपयोग की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को संवादात्मक बनाने प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे। टीम ने सरल उदाहरणों से सभी शंकाओं का समाधान किया। इस दौरान स्कूल के प्रभारी प्राचार्य विकास जोशी, संजीव कश्यप, गीति सिन्हा, नेहा तिवारी, आशा लकड़ा, अल्का सिंह सेंगर, राकेश पाण्डेय, युगेश्वर पाण्डेय, सृजा नायर सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित थे। साइबर वॉलंटियर एवं पुलिस मितान टीम से विभाश्री सिंह, आस्था गुप्ता, भार्गवी द्विवेदी, खुशी कन्नौजिया, अतुल गुप्ता, विक्की गुप्ता, बसंत श्रीवास्तव, अभिमन्यु विश्वकर्मा और विकेश रजवाड़े शामिल रहे।

**नाबालिगों की सुरक्षा के लिए अभिभावकों की होगी काउंसलिंग**

नाबालिगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शासन के निर्देश पर यातायात और थाना गांधीनगर पुलिस सहित विभिन्न थाना-चौकी की टीमों ने प्रमुख स्कूलों के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर सघन जांच की और छात्र-छात्राओं को अंडरएज ड्राइविंग के खतरों से अवगत कराया। पुलिस का यह अभियान सतत जारी रहेगा। पुलिस ने सभी अभिभावकों से कानून का पालन करने और नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन चलाने के लिए नहीं देने का आग्रह किया है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य सड़कों पर नाबालिग छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस टीम ने प्रमुख शिक्षण संस्थानों के आसपास विशेष चेकिंग पॉइंट बनाकर वाहन चलाते पाए गए नाबालिगों से ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट के संबंध में पूछताछ की। इन्हें बिना लाइसेंस और हेलमेट वाहन नहीं चलाने की जानकारी देते हुए नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई। पुलिस ने विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्यों से मिलकर रोजाना जागरूकता की जानकारी साझा करने के साथ ही स्पष्ट किया कि इस दौरान वाहन चलाते पाए जाने वाले नाबालिगों के अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग की जाएगी और उन्हें कम उम्र में वाहन सौंपने के कानूनी परिणामों व मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा।

# फरार गैंगस्टर सब्बीर आलम, उसके पुत्र सहित 9 के विरूद्ध एक और अपराध दर्ज

## व्यवसायी द्वारा दर्ज कराए गए दो मामलों को वापस लेने बनाया था दबाव



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** झारखंड के वासेपुर का कुख्यात गैंगस्टर सब्बीर उर्फ साबिर आलम और उसके बेटे कामरान समेत 9 लोगों के खिलाफ अंबिकापुर कोतवाली पुलिस ने एक और एफआईआर दर्ज किया है। आरोपियों ने खरसिया नाका के एक व्यवसायी पर पहले दर्ज दो मामलों को वापस लेने का दबाव बनाया और गाली-गलौज करके जान से मारने की धमकी दी।

शिकायतकर्ता खरसिया नाका निवासी अबू मोहम्मद पिता अब्दुल हकीम 28 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि कामरान साबरी, साबिर आलम और जिसान आलम के साथ हुए विवाद को लेकर उन्होंने पहले भी कोतवाली थाने में दो एफआईआर दर्ज कराई थी, उन्हीं मामलों को वापस लेने के लिए आरोपी पिछले कई महीनों से उन्हें लगातार धमका रहे थे।

एफआईआर में बताया गया है कि सबसे पहले 3 जनवरी 2026 को शाम को करीब 4 बजे घर के गेट के सामने खुशबास आलम ने कुर्सी लगाकर अबू मोहम्मद को अंदर जाने से रोका और विवाद कर गाली-गलौज की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद 4 जनवरी को सुबह 10 बजे नौसाद आलम, इरशाद आलम और मो. साद ने जानबूझकर इनोवा कार घर के गेट के पास खड़ी कर दी। अबू मोहम्मद ने कार हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। दूसरी घटना 17 मार्च 2026 को शाम 3.30 बजे हुई। अबू मोहम्मद अपनी कार क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 5681 से दोस्त मो. दानिश के साथ घर गए थे, यहां से खरसिया नाका के पास स्थित अपने दुकान जा रहे थे। दानिश के घर के पास साबिर आलम के घर के सामने कामरान साबरी, साबिर आलम, इरशाद आलम, जिसान साबरी, दिलशाद आलम और सलमान खड़े थे। जब वे दानिश के साथ कार में जाने लगे तो उन्हें देखकर सभी आपस में कुछ बात किए और स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजे 0681 से पीछा करते सलमान और कामरान चलती कार के करीब आ गए और कार का शीशा नीचे करने के लिए कहा। जब उन्होंने कार का शीशा नीचे किया तो दोनों गाली देते हुए धमकाये कि पहले दर्ज केस वापस न्यायालय से वापस नहीं लेने पर जान से मार देंगे। इरशाद और दिलसाद भी इनका साथ दे रहे थे। अबू मोहम्मद ने पुलिस को बताया है कि आरोपी लगातार उनके और परिवार के साथ कोई बड़ी घटना करने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वे भयभीत हैं। पुलिस ने मामले में साबिर आलम, कामरान साबरी, इरशाद आलम, जिसान आलम, दिलशाद आलम, सलमान, मो. साद, खुशबास और नौसाद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

***भगोड़े गैंगस्टर को तलाश रही पुलिस***

बता दें कि, वासेपुर में हत्या के मामले में सजायाफ्ता गैंगस्टर सब्बीर आलम करीब 13 सालों से अंबिकापुर में छिपकर रह रहा था। एक जुलाई को झारखंड पुलिस उसे गिरफ्तार करने अंबिकापुर पहुंची थी, लेकिन उसके सहयोगियों ने विवाद करके उसे पुलिस के चंगुल में आने से पहले ही भगा दिया था, इसके बाद से वह फरार है। वहीं झारखंड के न्यायालय ने गैंगस्टर को भगोड़ा साबित किया है। इन सबके बीच अंबिकापुर कोतवाली थाना में इसके विरूद्ध एक और मामला दर्ज हो गया है।

# गुरु से सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं मिलता, जीवन जीने का मार्ग होता है प्रशस्त

## विद्या मंदिर में नन्हे बच्चों के साथ धूमधाम से मना गुरु पूर्णिमा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** गुरु पूर्णिमा, बुधवार को छत्तीसगढ़ नगर सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने जनपद पंचायत के पास स्थित विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों के साथ मिलकर गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दत्ता और वार्ड पार्षद दीपक यादव शामिल हुए। दीप प्रज्वलन के बाद बच्चों ने गुरुजनों का तिलक-वंदन कर आशीर्वाद लिया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों के लिए खेल-कूद और मनोरंजन की गतिविधियां रखीं। छोटे-छोटे खेलों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद सभी बच्चों को पेन, कॉपी, बिस्किट वितरण किया गया। बच्चों को गरमा-गरम व्यंजन भी परोसा गया। वंदना दत्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, गुरु हमें सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने का रास्ता भी दिखाते हैं। पार्षद दीपक यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार और अपनापन बढ़ता है। दोनों अतिथियों ने बच्चों को गुरु के महत्व और शिक्षा के साथ संस्कार अपनाने की प्रेरणा दी। इस आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ नगर सुरक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारियों और विद्यालय स्टाफ की अहम भूमिका रही। इसमें वेद नारायण साहू, जिला अध्यक्ष पूर्णिमा सिंह, महिला जिला अध्यक्ष नलिनी पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष साधना मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुषमा जायसवाल, प्रभारी शिव यादव, जिला उपाध्यक्ष आनंदी गुप्ता, महासचिव गुंजा बारी शामिल रहे। विद्यालय की ओर से प्रधान पाठक साधना कश्यप, प्रभारी प्रधान पाठक संगीता महापात्र, शिक्षिका जयंती खलखो और प्रभावती ने बच्चों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार और फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी ने गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने और बच्चों को अच्छे संस्कार देने का संकल्प लिया।

# अवैध सागौन एवं साल परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा वनमण्डल के वन परिक्षेत्र अंबिकापुर अन्तर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा राष्ट्रीयकृत वनोपज सागौन लट्ठा 14 नग 2.023 घ.मी. के अवैध तरीके से परिवहन में लिप्त पाये जाने के फलस्वरूप जप्ती उपरांत सुपुर्द में दिये गये पिकअप वाहन को राजसाज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस वाहन को वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52, एवं छत्तीसगढ़ वनोपज नियम 2001 की धारा 41 नियम 3 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जप्ती की कार्रवाई की गई है। जप्त पिकअप वाहन में नंबर जेएच 07 सी 0288 अंकित है, जो फर्जी है। साथ ही वाहन के चेचिस नंबर को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त किया गया है, जिसका वाहन स्वामी अज्ञात है। वाहन स्वामी अज्ञात होने के कारण प्रस्तुतकर्ता अधिकारी वन परिक्षेत्राधिकारी अंबिकापुर द्वारा पत्र के माध्यम से जप्त वाहन को वनोपज शासन के पक्ष में राजसात करने की अनुशंसा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इसी प्रकार वन परिक्षेत्र अंतर्गत मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन कर्मचारियों ने 08 दिसम्बर 2024 को कार्रवाई करते हुए मे. रामप्रसाद अग्रवाल आरा मिल के गेट के सामने बगैर नंबर प्लेट के राष्ट्रीकृत वनोपज साल लट्ठा (कच्चा) 5 नग=2.000 घ.मी. लोड कर खड़ी वाहन को कब्जे में लिया था। जांच के दौरान वाहन में कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं था। वन कर्मचारियों द्वारा मौके पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण प्रथम दृष्टया काष्ठ के अवैध होने एवं काष्ठ के अवैध परिवहन होने की दशा में वाहन की जप्ती कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) क, धारा 42 नियम 3 धारा 5 (1) अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वाहन वनोपज काष्ठागार अंबिकापुर में सुरक्षित रखा है।

### इंजन एवं चेचिस नंबर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त

जप्त वाहन पिकअप के इंजन नम्बर एवं चेचिस नम्बर को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त किया गया है, जिससे कारण वाहन के स्वामी अज्ञात हैं। वाहन स्वामी अज्ञात होने के कारण प्रस्तुतकर्ता अधिकारी वन परिक्षेत्राधिकारी अंबिकापुर द्वारा पत्र के माध्यम से जप्त वाहन को वनोपज शासन के पक्ष में राजसात किये जाने हेतु अनुशंसा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में जप्त वाहनों के वाहन स्वामी के नाम पता की पुष्टि नहीं होने के कारण प्रकरण में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा वाहन स्वामी को कोई वैधानिक सूचना पत्र प्रेषित नहीं किया जा सका है। दोनों प्रकरणों में आगामी कार्रवाई किया जाना है। जप्त वाहन में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का हित निहित हो, तो वाहन के स्वामित्व संबंधी समस्त वैध दस्तावेजों के साथ 30 दिवस के भीतर कार्यालयीन दिवस/समय में प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी अंबिकापुर के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई दावा मान्य नहीं होगा एवं उक्त जप्त वाहन को शासन के पक्ष में राजसात कर दिया जाएगा।

# सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में व्यास पूजा, गुरु-शिष्य परंपरा और संस्कारों पर जोर



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 29 जुलाई को व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रानी रजक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद गायत्री मंत्र के साथ सभी गुरुजनों का तिलक-वंदन कर गुरु पूजन किया गया। साथ ही भावी शिक्षक के रूप में बी.एड प्रशिक्षणार्थियों का भी तिलक-वंदन कर उन्हें शिक्षक धर्म की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एस.एन. पाण्डेय कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा रहे। विशिष्ट अतिथि प्रदीप शर्मा, सहायक प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ, अमृता जायसवाल, ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ एवं अंजना तिवारी गायत्री परिवार शामिल हुए। प्रदीप शर्मा ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते बल्कि जीवन को सही दिशा, संस्कार और नैतिक मूल्यों से समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा और जीवन दिशाहीन होता है। डॉ. एस.एन. पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु पूजन हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने वेदों का विभाजन किया, महाभारत और पुराणों की रचना कर मानव समाज को ज्ञान का प्रकाश दिया। इसलिए उन्हें आदि गुरु माना जाता है। उन्होंने श्लोक गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः, गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। आधुनिक युग में सूचना तो इंटरनेट से मिल सकती है, लेकिन विवेक, संस्कार और सही मार्गदर्शन केवल गुरु ही दे सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आव्हान किया कि वे गुरु के आदर्शों पर चलकर आदर्श नागरिक बनें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर